भाजपा का संकल्प


# मोदी की गारंटी

## 2024

फिर एक बार
मोदी सरकार








# विषय सूची


| | |
|---|---|
| श्री नरेन्द्र मोदी का संदेश देश के लिए | 01 |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश | 03 |
| संकल्प पत्र समिति अध्यक्ष का संदेश | 04 |
| सुशासन और विकास के दस वर्ष | 05 |
| **गरीब परिवारों की सेवा** - मोदी की गारंटी | 11 |
| **मध्यम-वर्ग परिवारों का विश्वास** - मोदी की गारंटी | 13 |
| **नारी शक्ति का सशक्तिकरण** - मोदी की गारंटी | 15 |
| **युवाओं को अवसर** - मोदी की गारंटी | 17 |
| **वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता** - मोदी की गारंटी | 20 |
| **किसानों का सम्मान** - मोदी की गारंटी | 22 |
| **मत्स्य पालक परिवारजनों की समृद्धि** - मोदी की गारंटी | 26 |
| **श्रमिकों का सम्मान** - मोदी की गारंटी | 28 |
| **एमएसएमई, छोटे व्यापारियों और विश्वकर्माओं का सशक्तिकरण** - मोदी की गारंटी | 30 |
| **सबका साथ सबका विकास** - मोदी की गारंटी | 32 |
| **विश्व बंधु भारत** की मोदी की गारंटी | 35 |
| **सुरक्षित भारत** की मोदी की गारंटी | 38 |
| **समृद्ध भारत** की मोदी की गारंटी | 40 |
| **ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा भारत** - मोदी की गारंटी | 42 |
| **विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर** बनाने की मोदी की गारंटी | 45 |
| **ईज ऑफ लिविंग** की मोदी की गारंटी | 50 |
| **विरासत भी विकास भी** मोदी की गारंटी | 52 |
| **सुशासन** की मोदी की गारंटी | 54 |
| **स्वस्थ भारत** की मोदी की गारंटी | 57 |
| **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा** की मोदी की गारंटी | 59 |
| **खेल के विकास** की मोदी की गारंटी | 61 |
| **सभी क्षेत्रों के समग्र विकास** की मोदी की गारंटी | 63 |
| **तकनीक एवं नवाचार** के लिए मोदी की गारंटी | 65 |
| **पर्यावरण अनुकूल भारत** की मोदी की गारंटी | 67 |

# श्री नरेन्द्र मोदी का संदेश देश के लिए



"

**मेरे प्रिय परिवारजन,**

एक दशक पहले भारतीय जनता पार्टी को आपके जनादेश के आशीर्वाद से सेवा करने का अवसर मिला। इतिहास के इस महत्वपूर्ण कालखंड में प्रधानसेवक के तौर पर सेवा के लिए आपका आशीर्वाद मेरे लिए निरंतर कार्य करते रहने की प्रेरणा देता है। पिछले 10 साल में आपके आशीर्वाद से ऊर्जा लेकर हमने समय के हर पल को जनकल्याण के लिए समर्पित करने का प्रयास किया है।

आपका अटूट विश्वास और समर्थन हमारी शक्ति है। इसी का परिणाम है कि पिछले एक दशक में देश आमूलचूल बदलावों का साक्षी बना है। एकतरफ देश तेजी से प्रगति के पथ पर बढ़ा है तो वहीं देशवासियों के मानस में भी एक सकारात्मक बदलाव हुआ है। बड़े लक्ष्य तय करके उसे हासिल करने की धारणा मजबूत हुई है।

आज हमारी युवाशक्ति ऊँची उड़ान भरने को तैयार है। हमारे युवा 2047 तक भारत विकसित बनाने के बड़े लक्ष्य का संकल्प लेकर कदम बढ़ाने के आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं। देश दृढ़ संकल्पित है कि वह आत्मनिर्भर बनकर रहेगा। 2014 से पहले वाली सरकार में नीतिगत पंगुता, कुशासन और भ्रष्टाचार के कारण फैली हताशा-निराशा के वातावरण से देश पूरी तरह निकल चुका है।

पिछले 10 साल में हम 'फ्रेजाइल-5' अर्थव्यवस्था से 'टॉप-5 अर्थव्यवस्था' बन चुके हैं। देश के अर्थतंत्र में हुए इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ उन देशवासियों को मिला रहा है, जो वाकई जरुरतमंद हैं। इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ समाज के गरीब, वंचित और मध्यमवर्ग को मिला है। 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास' केवल हमारा नारा नहीं बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है।

पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। दशकों से बुनियादी जरूरतों की पूर्ति से वंचित रहे इन 25 करोड़ लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। यह गरीबी के खिलाफ हमारी लड़ाई की जीत है। आज ऐसे लोगों तक न सिर्फ आवास, गैस कनेक्शन, शौचालय की सुविधाएं पहुँच रही हैं बल्कि उससे कहीं आगे नए दौर के ऑप्टिक फाइबर कनेक्शन, डिजिटल समाधान और ड्रोन तकनीक इत्यादि भी इनके हाथों में है।

देश में पिछले 10 साल में हुए सामाजिक-आर्थिक बदलावों का लाभ हमारी महिला, किसान, मछुआरा समाज, रेहड़ी-पटरी वेंडर्स, छोटे कारोबारी तथा एससी, एसटी और ओबीसी को मिला है। तकनीक के माध्यम से ये वर्ग लाभान्वित भी हो रहे हैं और सशक्त भी। जनधन-आधार-मोबाइल ट्रिनिटी के कारण इनका लाभांश सीधे इन्हें बिना किसी बिचौलिए के मिलना संभव हुआ है।

अन्नदाता देश की प्रगति की रीढ़ हैं। पिछले एक दशक में MSP में सर्वाधिक बढ़ोत्तरी हुई है। वैश्विक कीमतों की तुलना में बहुत कम दाम पर खाद-बीज की उपलब्धता किसानों के लिए सुलभ हुई है। किसान की उपज की खरीद तेजी से बढ़ी है। करोड़ों किसानों के खाते में सीधे पीएम-किसान निधि पहुँच रही है। फसल बीमा से किसानों को संकट में सुरक्षा का संबल मिला है।

श्रीअन्न (मिल्लेट्स) की पहचान देश-विदेश तक हुई है। ऐसे अनेक कदम पिछले एक दशक में उठाये गये हैं, जिससे किसानों को सशक्त बनाया जा सके। पीएम- कुसुम योजना के कारण हमारा अन्नदाता ऊर्जादाता भी बन रहा है। आज किसान को बीज से बाजार तक सुलभ और सुगम वातावरण मिल रहा है।

आज भारत में विरासत भी है और विकास भी है। भारत इकोलॉजी और इकोनॉमी दोनों के विकास में नए मानक स्थापित कर रहा है।

देश के विकास में हमारे युवाशक्ति की भूमिका बहुत बड़ी है। भारत के युवा ने न सिर्फ बड़े सपने देखने की हिम्मत की है, बल्कि अंतरिक्ष, खेल और स्टार्ट-अप जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बड़े सपनों को साकार करने के लिए भी उत्कृष्ट कार्य किया है। पिछले 10 वर्षों में चाहे शिक्षा हो, रोजगार हो या उद्यमिता हो, हमारे युवाओं के लिए करोड़ों नए अवसर पैदा हुए हैं।

भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता,जिसमें एक मैं भी शामिल हूँ, के लिए भारतीयों की ऊंची आकांक्षाओं को उड़ान भरते देखने की इस महत्वपूर्ण यात्रा में शामिल होना एक भावुक करने वाला समय है।

लाल किले की प्राचीर से मैंने कहा था- यही समय है, सही समय है। आज दुनिया भर के अनेक ख्यातिलब्ध लोग कह रहे हैं, यह भारत का समय है। एक बेहतर कल बनाने में भारत की बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका को दुनिया स्वीकार कर रही है।

ऐसे समय में जब यह भारत के लिए ऐतिहासिक कालखंड है तब हमें और अधिक परिश्रम करना है। हम आगे की सोचते हैं इसलिए हमने आने वाली हमारी नई सरकार के अगले 100 दिन की कार्ययोजना तैयार कर चुके हैं।

ऐसे समय में जब हमारा देश अमृतकाल में प्रगति की उड़ान भरने को तैयार है तब हमें एकबार फिर अगले पांच वर्ष के लिए आपके आशीर्वाद और समर्थन की आवश्यकता है। अगले पांच वर्षों में हम भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनायेंगे। गरीबी से पूर्ण मुक्ति की निर्णायक लड़ाई पर जीत हासिल करेंगे। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। अगले जेनरेशन के सुधारों को अमल में लायेंगे। प्रगति के नए द्वार खोलते हुए जन-केन्द्रित निर्णय लेकर आगे बढ़ेंगे।

हमारा संकल्प पत्र वादों का पिटारा नहीं है। इसके मायने इससे कहीं अलग हैं। इस संकल्प में देश के लिए देश द्वारा तैयार आशाओं-आकांक्षाओं का सामूहिक प्रतिबिम्ब है। आपने पिछले 10 साल में देखा है कि हर वादा पूरा करना मोदी की गारंटी है।


2014 में हमें आपका आशीर्वाद और समर्थन मिला तो हम इन बड़े बदलाओं को कर पाए। 2019 में पहली बार से बड़ा जनादेश मिला तो विकास की गति और तेजी से आगे बढ़ी। बड़े-बड़े निर्णय लिए गये। आपका आशीर्वाद लेकर अगले पांच साल हम 24 घंटे 2047 के लिए कार्य करेंगे, ये मोदी की गारंटी है।

आपकी आशा-आकांक्षा को पूरा करना हमारा मिशन है। आपके सपने हमारी जिम्मेदारी हैं। आइये हम सब मिलकर ऐसा देश बनाएं जिसपर हमारी भावी पीढ़ी को गौरव हो।

वंदे मातरम

आपका प्रधान सेवक

**नरेन्द्र मोदी**



# राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश



**मेरे प्यारे भाइयों और बहनों,**

'अंत्योदय' की विचारधारा ने भारतीय जनता पार्टी का हमेशा से मार्गदर्शन किया है और इसी अंत्योदय की झलक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र  मोदी जी द्वारा लाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में दिखती है।

केवल दस वर्षों में हमारी सरकार ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कर ली हैं। हम, सबका साथ और सबका प्रयास के साथ, राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम भाजपा सरकार में सबके विश्वास को मजबूत करके सबके विकास को सुनिश्चित करने का वादा करते हैं। मोदी की गारंटी 2024 संकल्प पत्र हमारी इसी यात्रा की प्रगति को जारी रखने और तेजी से आगे बढ़ाने का संकल्प है।

हम भारत के अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं। अब हम भारत के विकास के नए विजन के साथ तैयार हैं, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के पंच प्रण पर आधारित है। 2024 का ये चुनाव भारत को नई दिशा देने के लिए अति-महत्वपूर्ण है। 97 करोड़ मतदाता अपना मन बना चुके हैं। देश का एक-एक नागरिक विकास की राह पर चलना चाहता है। हर कोई राष्ट्र को मजबूत बनाना चाहता है, इसलिए देशवासियों ने भ्रष्ट गठबंधन को हराने का फैसला कर लिया है।

मात्र 10 सालों में, हमने देश को फ्रैजाइल 5 से शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने का काम किया है। आज हम सुदृढ़ और सुरक्षित हैं, क्योंकि आज हमारा नेतृत्व समय पर साहसी और निर्णायक फैसले लेने की क्षमता रखता है। आज हम विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहे हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व एक दूरदर्शी सोच रखने वाले प्रधानसेवक कर रहे हैं।

हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जिसमें सभी का हिस्सा है क्योंकि हमारे नेता सबका साथ सबका विकास में विश्वास रखते हैं। इसलिए मोदी की गारंटी सभी क्षेत्रों और सभी 140 करोड़ नागरिकों के समग्र विकास के लिए है।

हमने अपनी समृद्ध विरासत और विविधताओं से भरी संस्कृति को संवारा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर ने हमारे समाज को एक नई ऊर्जा दी है। पूरे देश में हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत फिर से जीवंत हो रही है। आज की हमारी युवा पीढ़ी हमारे विरासत और संस्कृति में रुची दिखा कर उसे अपना रही है।

आज भारत को सभी वैश्विक मंचों पर सम्मान मिल रहा है। क्योंकि हमारे पास ऐसा नेतृत्व है जो अंतरराष्ट्रीय मामलों में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखता है। आज पूरी दुनिया को भारत पर भरोसा है, इस वजह से हम वैश्विक वैल्यू चैन के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में उभर रहे हैं। हम तकनीकों के आयातक से अब तकनीकों के निर्माता के रूप में उभर रहे हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 2014 से हमारी आकांक्षाओं को पूरा कर रहे हैं। आज, दस साल बाद, हम एक बार फिर आपसे विकसित भारत के निर्माण के लिए आपका वोट और समर्थन मांग रहे हैं, ताकि विकसित भारत का वो सपना हम पूरा कर सकें जो आपने और हमने मिलकर देखा है। इस सपने को पूरा करने के लिए आपसे अनुरोध है कि भाजपा और श्री नरेन्द्र  मोदी को प्रचंड बहुमत से जिताएं।

वन्दे मातरम!

**जगत प्रकाश नड्डा**

राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा

# संकल्प पत्र समिति अध्यक्ष का संदेश



**मेरे प्रिय भाइयों और बहनों,**

हमारा देश बड़े बदलाव के दौर से गुज़र रहा है। इस महत्वपूर्ण समय में मुझे आपके सामने मोदी की गारंटी - 2024 संकल्प पत्र प्रस्तुत करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है। आने वाले समय में विकसित भारत कैसा होगा, उस परिकल्पना को परिभाषित करके इस संकल्प पत्र को बनाने की बड़ी ज़िम्मेदारी हमे दी गई थी। हमने इस संकल्प पत्र में 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं-आकांक्षाओं को समाहित करके आपके सामने रखने का प्रयास किया है।

इस संकल्प पत्र को बनाने के लिए हमने 'विकसित भारत यात्रा' और अन्य कई माध्यमों से देश के सभी क्षेत्रों, सभी वर्गों, और सभी समुदायों के साथ विस्तृत एवं व्यापक संवाद किया। विभिन्न माध्यमों से अपने बहुमूल्य सुझावों और विचारों को हम तक पहुंचाने वाले सभी देशवासियों के प्रति हम हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आपकी तरफ से आए सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार-विमर्श करने के बाद हमने यह संकल्प पत्र तैयार किया है। आपके सुझावों ने हमारे संकल्प पत्र को और समृद्ध बनाया है।

इस संकल्प पत्र के माध्यम से हम आपको बताना चाहते हैं कि आपकी आशाओं और अपेक्षाओं को पूरा करना मोदी की गारंटी है। इसके लिए हम अथक परिश्रम करेंगे। पिछले दस वर्षो में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश अभूतपूर्व प्रगति और विकास का साक्षी बना है। हमने इस कालखंड में निराशा से भरोसा तक की यात्रा को पूरा किया है। आज देश को मोदी की हर गारंटी पर अटूट भरोसा है।

पिछले 10 वर्षों से हम अपनी विभिन्न योजनाओं व नीतियों के द्वारा जन कल्याण को सुनिश्चित करते हुए सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहे हैं। हमने समाज के अंतिम छोर पर खड़े परिवारों तक योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाकर अन्त्योदय के मंत्र को साकार किया है।

2014 में जब हमारी सरकार बनी तब देश कई संकटो से घिरा हुआ था। देश के सामने पिछली सरकार के भ्रष्टाचार, कुशासन और अनिर्णयकारी रवैये के कारण ठप पड़ी विकास की गाड़ी को पुनःपटरी पर लाने की बड़ी चुनौती थी। हमने देश को पिछली सरकार से मिली नेतृत्वहीन, दिशाहीन और नीतिहीन चुनौतियों से निकाल कर विकसित भारत के संकल्प को ऊर्जा देते हुए इस दिशा में उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में NDA सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में 140 करोड़ परिवारजनों की उम्मीदों और भरोसे पर खरी उतरी है।

मैं आपसे आह्वान करता हूं कि आप लोकसभा चुनाव में हमें अपना आशीर्वाद दें, जिससे विकसित भारत का हमारा सामूहिक लक्ष्य हासिल हो सके।

वन्दे मातरम!

**राजनाथ सिंह,**

अध्यक्ष, संकल्प पत्र समिति

भारतीय जनता पार्टी

# सुशासन और विकास के दस वर्ष




## हमने पिछले 10 वर्षों में सर्वस्पर्शी-समावेशी विकास का एक अनूठा मॉडल प्रस्तुत किया है।

### गरीब परिवारजनों की सेवा

- 80+ करोड़ परिवारजनों को पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 2020 से लगातार मुफ्त राशन
- 50+ करोड़ नागरिकों को पीएम-जनधन खातों के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर अर्थतंत्र की मुख्यधारा में शामिल किया
- 34 लाख करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी परिवारों के बैंक खातों में भेजे गए
- 34+ करोड़ नागरिकों को आयुष्मान भारत के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की गारंटी मिली
- 4+ करोड़ परिवारों को पीएम आवास एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से पक्के मकान देकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाया
- 14+ करोड़ परिवारों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल सुलभ हुआ
- 25+ करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले




### नारी शक्ति का वंदन

- 10+ करोड़ माताओं-बहनों को पीएम उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मुफ्त गैस कनेक्शन देकर स्वच्छ ईंधन की व्यवस्था की
- तीन तलाक की कुप्रथा को खत्म करके मुस्लिम महिलाओं का सशक्तीकरण हुआ
- 11+ करोड़ महिलाओं को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनाए गए शौचालयों के कारण गरिमापूर्ण जीवन सुलभ हुआ
- 6+ करोड़ माताओं और बच्चों का मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत टीकाकरण हुआ
- महिला कर्मचारियों के लिए पेड मातृत्व अवकाश 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया गया



- 1 रुपये में सेनेटरी पैड उपलब्ध कराया गया
- 3+ करोड़ महिलाओं को पीएम मातृ वंदना के अंतर्गत मातृत्व सेवाओं का लाभ मिला
- नारी शक्ति वंदन अधिनियम के द्वारा महिलाओं के लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में आरक्षण से उनकी सशक्त भागीदारी की राह खुली

## युवाओं के लिए नए अवसर

- 27+ लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ, पीएम मुद्रा योजना के अंतर्गत 46+ करोड़ ऋण प्रदान करके रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान किए
- 7 आईआईटी, 16 ट्रिपल आईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स, 315 मेडिकल कॉलेज और 390 विश्वविद्यालय खुलने से युवाओं को उच्च शिक्षा के अपार अवसर मिल रहे हैं
- 1.4+ करोड़ युवाओं को पीएम कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण से कुशल बनाया जा रहा है
- भारत को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रुप में स्थापित किया
- पेपर लीक की रोकथाम के लिए सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024 पारित किया
- 280 एथलीटों को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (TOPS) के अंतर्गत ओलंपिक और पैरालंपिक में प्रोत्साहन दिया, जिससे इन खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर हुआ



## किसान का सम्मान

- 11+ करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 6,000 रुपये प्रति वर्ष सीधे उनके बैंक खातों में मिल रहें है
- फसलों की एमएसपी में लगातार बढ़ोतरी
- 2013 से 2024 के बीच कृषि बजट में 5 गुना से ज्यादा की बढ़ोतरी
- 4+ करोड़ किसानों को पीएम फसल बीमा योजना के माध्यम से आर्थिक सुरक्षा की गारंटी मिली
- वैश्विक कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद 11 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी उपलब्ध कराकर किफायती खाद उपलब्ध हो रही हैं



- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) को संवैधानिक दर्जा दिया गया
- केंद्र सरकार के वर्तमान मंत्रियों में लगभग 60% मंत्री ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय से शामिल कर सर्व समाज का प्रतिनिधित्व व भागीदारी सुनिश्चित की
- 2014 से अब तक तीन गुना से ज्यादा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित किए
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10% आरक्षण लागू किया
- विश्वकर्माओं के सशक्तीकरण और सहायता के लिए 13,000 करोड़ रुपये की पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई
- 63+ लाख रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि के अंतर्गत आसान ऋण की सुलभता सुनिश्चित है
- 2.2+ लाख महिलाओं एवं एससी, एसटी समुदाय के युवाओं को स्टैंड अप इंडिया के अंतर्गत 50,000+ करोड़ रुपये के आसान ऋण से रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर खुले
- 112 आकांक्षी जिलों और 500 आकांक्षी ब्लॉक का तेज गति से विकास हो रहा है
- विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों (PVTG) के लिए पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 24,000+ करोड़ रुपये का निवेश किया
- बॉर्डर के पास स्थित 662 गांवों को विकसित करने के लिए 4,800 करोड़ रुपये के निवेश के साथ वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया गया
- ई-श्रम के माध्यम से असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण किया जा रहा है एवं अटल पेंशन, पीएम श्रम मानधन एवं पीएम जीवन ज्योति बीमा जैसी योजनाओं को शुरू करके, उनकी सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था भी की गई है



## सुरक्षित भारत

- आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण 2014 के बाद देश के किसी भी शहर में कोई भी बड़ा आतंकी हमला नहीं होने दिया
- अनुच्छेद 370 हटाने के बाद से जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं में काफी कमी आई और जम्मू कश्मीर में प्रगति के नए द्वार खुले
- पिछले 10 वर्षों में देश में वामपंथी उग्रवाद (LWE) से संबंधित हिंसा में 52% की गिरावट आई और अनेक जिले वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हुए
- पिछले 10 वर्षों में नॉर्थ-ईस्ट में उग्रवाद संबंधी हिंसा में 71% की कमी आई, जिसके परिणाम स्वरूप अधिकांश क्षेत्रों से अफस्पा (AFSPA) कानून हटा
- दंड की बजाए न्याय पर केंद्रित भारतीय न्याय संहिता को पारित किया

## विरासत भी विकास भी

- अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण का 500 साल पुराना संकल्प साकार हुआ
- आस्था की प्राचीन विरासतों के पुनरुद्धार के लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, श्री उज्जैन महाकाल मंदिर और श्री केदारनाथ मंदिर का नवीनीकरण किया
- 2021 से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के सम्मान में 10 जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय स्थापित किए
- इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा को स्थापित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी
- सैनिकों और पुलिसकर्मियों के बलिदान के सम्मान में नए नेशनल वॉर मेमोरियल और नेशनल पुलिस मेमोरियल का निर्माण किया



## मजबूत अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास

- भारत "फ्रैजाइल (Fragile) 5" से निकलकर विश्व की 5वीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बना
- मेक इन इंडिया और प्रोडक्शन-लिंक्ड इन्सेन्टिव्स (PLI) जैसी योजनाओं से मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिला
- पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान लॉन्च करके इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी की परियोजनाओं का समन्वित कार्यान्वयन किया
- आज प्रतिदिन 28 किमी राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा रहा है
- आज प्रतिदिन 14.5 किमी रेलवे लाइनों का निर्माण हो रहा है, साथ ही डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का संचालन और 1,300+ रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कर वहां जन सुलभ विश्व स्तरीय सुविधाओं का निर्माण भी किया जा रहा है
- 20 से अधिक शहरों में मेट्रो सेवाओं का विस्तार हुआ है
- पीएम ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत गांवों में 3.7 लाख किमी ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया
- देश से मानव रहित रेलवे क्रासिंग (समपार) को खत्म किया
- देश में बंदरगाहों की क्षमता को दोगुना किया
- ऑपरेशनल हवाई अड्डों की संख्या को दोगुना किया
- वंदे भारत एक्सप्रेस, अमृत भारत, नमो भारत जैसी नई ट्रेनों को शुरू किया
- नॉन-फॉसिल फ्यूल के द्वारा बनाई गई बिजली क्षमता को 2.5 गुना बढ़ाकर 180 GW किया
- 2.8 करोड़ से अधिक परिवारों को सौभाग्य योजना के अंतर्गत बिजली कनेक्शन प्रदान करके 100% बिजली पहुंचाने के लक्ष्य को हासिल किया
- सड़कों, पुलों, रेलवे और हवाई अड्डों के विकास से पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़ा
- सबसे किफायती डाटा कीमतों के साथ दुनिया में सबसे तेज 5G रोल आउट किया
- GeM के माध्यम से सरकारी खरीद को सुव्यवस्थित किया



## वैश्विक मंच पर भारत की मजबूत साख

- 1.5+ करोड़ नागरिकों को संकट की स्थिति में विभिन्न देशों से सुरक्षित वापस लाए
- ऐतिहासिक जी 20 शिखर सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया एवं "नई दिल्ली घोषणा पत्र" को 100% सहमति मिली
- ग्लोबल साउथ की आवाज बना भारत
- यूपीआई सहित डिजिटल इंडिया स्टैक को वैश्विक स्तर तक पहुंचाया
- 27 भागीदार देशों के साथ भारतीय रुपये में व्यापार सक्षम किया
- भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकनॉमिक कॉरिडोर का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया
- वैक्सीन मैत्री के माध्यम से 100 देशों को 30+ करोड़ कोविड-19 टीके और दवाओं सहित अन्य सहायता प्रदान की
- हिंद महासागर में नौवहन की स्वतंत्रता (फ्रीडम ऑफ नेविगेशन) और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित की
- चंद्रयान-3 के माध्यम से भारत चंद्रमा के साउथ पोल के पास सफलतापूर्वक लैंड करने वाला दुनिया का पहला देश बना
- भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया
- भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया, जिसके माध्यम से श्री अन्न (मिलेट्स) का विश्व में प्रचलन बढ़ा





# गरीब परिवारों की सेवा मोदी की गारंटी

हमारी सरकार गरीब कल्याण को समर्पित है। हम प्रत्येक गरीब परिवार को गरीबी से बाहर निकालने एवं गरिमापूर्ण जीवन स्तर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले दस वर्षों में हमने गरीब कल्याण के लिए जो कार्य किए हैं, उससे 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। हमारी नीतियों एवं योजनाओं के केंद्र में गरीब का हित निहित है। गरीब के जीवन स्तर में सुधार, उनकी आय में वृद्धि और सम्मानपूर्ण जीवन हमारी प्रतिबद्धता है।

### अगले 5 वर्षों के लिए मुफ्त राशन

हम 2020 से 80+ करोड़ परिवारों को मुफ्त राशन दे रहें है। हम अगले पांच वर्षों तक पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन प्रदान करना जारी रखेंगे।

### गरीब की थाली को सुरक्षित रखेंगे

हमने सब्जियों और दालों के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष (प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड) स्थापित करके गरीब की थाली को सुरक्षित किया है। हम दाल, खाद्य तेलों और सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनकर गरीब की थाली को सुरक्षित करने के प्रयासों को जारी रखेंगे।

### नि:शुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं

हमने आयुष्मान भारत के अंतर्गत गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये तक का गुणवत्तापूर्ण नि:शुल्क स्वास्थ्य इलाज प्रदान किया है। हम आयुष्मान भारत और अन्य ऐसी पहलों का विस्तार करके नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं जारी रखेंगे।

### पीएम आवास योजना का विस्तार

हमने 4+ करोड़ गरीब परिवारों को पक्का घर दिया है। हम इस योजना के दूरगामी लाभों को समझते हुए पीएम आवास योजना का विस्तार करके हर गरीब परिवार को गुणवत्तापूर्ण आवास की सुविधा प्रदान करेंगे।

### हर घर नल से जल

हम गांवों, कस्बों और शहरों के हर घर में नल से स्वच्छ जल सुनिश्चित करेंगे। हम तकनीक का उपयोग कर पानी की बचत और इसके सदुपयोग को सुनिश्चित करेंगे।

### झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवारों को आवास की सुविधा

झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब परिवारजनों को पक्का घर देना हमारी प्राथमिकता है। पिछले दस वर्षों में इस दिशा में हमने एक सफल मॉडल स्थापित किया है। इस मॉडल पर हम तेजी से स्लम रीडेवलपमेंट करेंगे।

### सभी को स्वच्छ ईंधन

हमने पीएम उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किए हैं। हम इस योजना को जारी रखेंगे और कार्यक्रम का विस्तार करेंगे।

### ज़ीरो बिजली का बिल

हम पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएंगे, जिससे इन परिवारों का बिजली बिल जीरो हो जाए।





# मध्यम-वर्ग परिवारों का विश्वास
# मोदी की गारंटी

**हमारे मध्यम-वर्गीय परिवारजन देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। मध्यम-वर्गीय परिवार अपनी मेहनत, लगन और परिश्रम से भारत की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने एवं गुणवत्तापूर्ण तथा सुविधायुक्त जीवन के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

## नव मध्यम-वर्ग का सशक्तिकरण

पिछले 10 वर्षों में नागरिकों की आय में हुई वृद्धि से बड़ी संख्या में परिवार नव-मध्यम वर्ग की श्रेणी में शामिल हुए हैं। हम उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मध्यम-वर्ग परिवारों को हम कम दर में आवास, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छी शिक्षा और रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे।

## अपने घर का सपना पूरा

हर मध्यम वर्गीय परिवार का सपना होता है कि उसका अपना घर हो। पिछले दस वर्षों में हमने कई सुधार किए जिनसे घर का सपना पूरा हो सके। RERA से रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता आई। हम आगे भी और कई सुधार करेंगे जिनसे मध्यम-वर्गीय परिवार के घर का सपना पूरा हो। इसमें पंजीकरण की कीमत को कम करना, निर्माण की लागत कम करना, आसानी से नक्शा पास कराना इत्यादि शामिल होंगे।

## हाई वैल्यू रोजगार के अवसर

हम भारत के स्टार्टअप्स का और अधिक विस्तार टियर-2 और टियर-3 शहरों में करेंगे। इसके साथ भारत को पर्यटन हब एवं सर्विसेज का वैश्विक केंद्र (ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर) बनाएंगे जिससे पूरे देश में हाई वैल्यू रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

## स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

मध्यम-वर्ग परिवारों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं कम कीमत पर मिल सके इसके लिए हमने एम्स एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर का विस्तार किया है और जन औषधि केंद्रों पर सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई हैं। 315 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए है। हम इन सब व्यवस्थाओं का विस्तार करके हमारे मध्यम-वर्गीय परिवारजनों के स्वस्थ जीवन की गारंटी देते हैं।

## गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का विस्तार करेंगे

हम उच्च शिक्षण संस्थानों का विस्तार एवं विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय बनाकर शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ावा देंगे और नए आईआईटी, आईआईएम और एम्स भी स्थापित करेंगे। हम शैक्षणिक और व्यावहारिक कौशल को जोड़ने के लिए एक इंटर्नशिप कार्यक्रम भी शुरू करेंगे।

## इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास

हम आधुनिक सड़क नेटवर्क, आधुनिक रेल नेटवर्क, इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन, नए हवाई अड्डों, किफायती 5G और 6G टेक्नोलॉजी पर ध्यान केंद्रित करके मध्यम-वर्गीय परिवारजनों के जीवन को सुगम बनाएंगे।

## पर्यावरण अनुकूल शहरों का विकास करेंगे

हम पार्क, खेल के मैदान जैसे अधिक हरित स्थानों का विकास करेंगे, झीलों और तालाबों जैसे जलाशयों को पुनर्जीवित करेंगे ताकि शहरों को पर्यावरण अनुकूल और लोगों के रहने योग्य सुविधायुक्त बनाया जा सके।





# नारी शक्ति का सशक्तिकरण मोदी की गारंटी

**विकसित भारत बनाने की यात्रा में देश की नारी शक्ति की समान भागीदारी सुनिश्चित करना हमारी प्रतिबद्धता है। हम नए कानूनी प्रावधानों और नीतियों के माध्यम से महिलाओं का गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करके उन्हें समान विकास के अवसर प्रदान करेंगे।**

### तीन करोड़ लखपति दीदियां

हमने एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है। अब हम तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे।

### महिला SHG को सर्विस क्षेत्र से जोड़ेंगे

हम महिला SHG को कौशल और संसाधनों के माध्यम से आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, रिटेल और पर्यटन के क्षेत्रों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के नए अवसर प्रदान करेंगे।

### महिला SHG उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाएंगे

हम महिला SHG को एक जिला-एक उत्पाद, एफपीओ, एकता मॉल, एक स्टेशन-एक उत्पाद जैसी योजनाएं एवं ओएनडीसी, GeM पोर्टल से जोड़कर उनके उत्पादों को ग्राहकों तक पहुचांने की व्यवस्था करेंगे।

### कामकाज़ी महिलाओं के लिए सुविधाएं

हम औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण करेंगे जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी।

## खेल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाएंगे

हमारी महिला खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया है। हम महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए इससे जुड़े कार्यक्रमों और सुविधाओं का विस्तार करके महिलाओं की खेलों में बढ़ती भागीदारी को सुनिश्चित करेंगे।

## महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण एवं रख-रखाव

हमने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण करके महिलाओं को सम्मानजनक जीवन प्रदान किया है। अब हम महिलाओं की गरिमा, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण और रख-रखाव सुनिश्चित करेंगे।

## महिलाओं के स्वास्थ्य की रक्षा

एनीमिया, स्तन कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, सर्वाइकल कैंसर जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान देकर, महिलाओं के स्वस्थ जीवन के लिए और अधिक प्रयास करेंगे। एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को पूर्णता से दूर करेंगे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रियान्वयन

हमने वर्षों से लंबित नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक पारित किया है। हम इसे व्यवस्थित रूप से लागू करके लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करेंगे।

## शक्ति डेस्क का विस्तार

हमने पुलिस स्टेशन में शक्ति डेस्क (महिला हेल्प डेस्क) स्थापित की है। अब, हम शिकायतों की समयबद्ध जांच और समाधान के लिए इनका विस्तार करेंगे।

## आपातकालीन हेल्पलाइन 112

हम इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली) का विस्तार करके, आपातकालीन हेल्पलाइन 112 की क्षमता को बढ़ाएंगे।





# युवाओं को अवसर
# मोदी की गारंटी

विकसित भारत के निर्माण के जिस संकल्प को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं, युवा उसके महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। हमारा दृष्टिकोण ऐसा विकसित भारत बनाना है जहां प्रत्येक युवा अपने श्रम एवं कौशल क्षमता का पूरा उपयोग कर सके। हम युवाओं को सीखते हुए कमाने के अवसर देने के लिए एनईपी (NEP) के अंतर्गत एकीकृत शिक्षा प्रणाली विकसित करेंगे। हम युवाओं को एनईपी और अन्य योजनाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं, रोजगार और एंटरप्रेन्योरशिप (उद्यमिता) के अवसरों की गारंटी देते हैं।

## पारदर्शी सरकारी भर्तियां

### पेपर-लीक नियंत्रण के लिए कानून लागू करेंगे

हमने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। अब, हम इस कानून को सख्ती से लागू करके, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा देंगे।

### पारदर्शी सरकारी परीक्षाएं

हमने सरकारी भर्ती परीक्षाओं का पारदर्शी आयोजन कर लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों में भर्ती किया है। हम आगे भी सरकारी भर्तियां समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से करते रहेंगे। हम सरकारी परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए इच्छुक प्रदेश सरकारों को भी सहयोग देंगे।

### राष्ट्र निर्माण में युवा भागीदारी

हमने राष्ट्र निर्माण में युवाओं को शामिल करने के लिए 'मेरा युवा भारत (MY Bharat)' लॉन्च किया है, जिसमे 1 करोड़ युवा नामांकन करा चुके हैं। हम इसका विस्तार करके सरकार द्वारा शुरु की गई पहलों में युवाओं को समान अवसर प्रदान करेंगे एवं नेतृत्व कौशल और स्वयंसेवा की भावना को बढ़ावा देंगे।

## वाइब्रेंट स्टार्टअप इकोसिस्टम

### स्टार्टअप इकोसिस्टम का विस्तार करेंगे

हमने अटल टिंकरिंग लैब्स, स्टार्टअप इंडिया, हैकाथॉन और स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भारत को विश्व के शीर्ष 3 स्टार्टअप इकोसिस्टम में सफलतापूर्वक स्थापित किया है। इस सफलता को देखते हुए हम मजबूत निवेश, मेंटरशिप और एंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से भारत को स्टार्टअप का एक प्रमुख और पसंदीदा केंद्र बनाएंगे। हम प्राइवेट सेक्टर की साझेदारी के माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों में इनक्यूबेटर नेटवर्क स्थापित करेंगे, जिससे छात्रों को स्टार्टअप बनाने के अधिक अवसर मिलें।

### स्टार्टअप्स फंडिंग का विस्तार करेंगे

हम स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना और स्टार्टअप क्रेडिट गारंटी योजना का विस्तार करके स्टार्टअप्स के लिए पर्याप्त फंडिंग सुनिश्चित करेंगे।

### स्टार्टअप्स को मेंटरशिप

हमने अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत मेंटरशिप को सफलतापूर्वक शुरु किया है, जहां 6,000 से अधिक मेंटर मौजूद हैं। हम स्टार्टअप्स के विस्तार के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त मेंटर्स के साथ साझेदारी और बढ़ाएंगे।

### सरकारी खरीद में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन

हम रक्षा और रेलवे विभागों में की गई पहलों की तर्ज पर सरकारी खरीद में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए एक मजबूत फ्रेमवर्क तैयार करेंगे।

## युवाओं के लिए रोजगार के अवसर

### मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाएंगे

PLI और मेक इन इंडिया से मैन्युफैक्चरिंग एक प्रमुख आर्थिक क्षेत्र के रुप में उभरा है। इसके माध्यम से हमने इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, मोबाइल, ऑटोमोबाइल आदि क्षेत्रों में अनेक सफलताएं प्राप्त की हैं। हम भारत को एक ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने और इस क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने की दिशा में निरंतर काम करेंगे।

### इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से रोजगार के अवसर

इंफ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व निवेश के माध्यम से रोजगार के लाखों अवसर पैदा हुए हैं। हम रोजगार वृद्धि के लिए यह निवेश जारी रखेंगे।

### हाई-वैल्यू सर्विसेज के लिए ग्लोबल सेंटर्स

हम भारत को हाई-वैल्यू सर्विसेज का हब बनाने के लिए और नए ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी), ग्लोबल टेक सेंटर (जीटीसी) और ग्लोबल इंजीनियरिंग सेंटर (जीईसी) स्थापित करेंगे।

### उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देंगे

हमें अपने युवाओं की उद्यमशीलता पर अटूट भरोसा है। हम मुद्रा जैसी क्रेडिट योजनाओं का विस्तार करके युवाओं को उद्यम शुरु करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त, हम तरुण श्रेणी के ऋणों को समय पर चुकाने वाले उद्यमियों के लिए मौजूदा क्रेडिट सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये तक करेंगे।

## पर्यटन में रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगे

हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत विश्व में आकर्षण का केंद्र है। कनेक्टिविटी में सुधार और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण जैसे सफल प्रयासों से पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हम पर्यटन एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रमों का विस्तार करेंगे और पर्यटन में रोजगार के नए अवसर विकसित करेंगे।





# वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता
# मोदी की गारंटी

**संयुक्त परिवार हमारी मजबूत सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत का अहम रूप है। बदलते कालखंड में समाज एक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। इन बदलती परिस्थितियों में हमारी सामाजिक परम्पराओं से प्रेरणा लेकर, आधुनिक समय में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल एवं सम्मान पूर्वक जीवन के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। हम इन सभी कार्यक्रमों को बढ़ावा देंगे ताकि वरिष्ठ नागरिक एक सम्मान पूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें।**

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत

हम वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत में शामिल करके गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे।

### वरिष्ठ नागरिकों द्वारा नॉलेज शेयरिंग

हम राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक पोर्टल शुरु करेंगे। इसके माध्यम से वरिष्ठ नागरिक अपने ज्ञान और अनुभव को सभी के साथ साझा कर सकेंगे।

### सरकारी सेवाओं की घर-घर तक पहुंच

हम पोस्टल और डिजिटल नेटवर्क के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा योजना और अन्य आवश्यक सरकारी सेवाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचाएंगे।

### डिजिटल सशक्तिकरण

हम वरिष्ठ नागरिकों को यूपीआई और अन्य ऑनलाइन भुगतान प्रणालियों का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिससे वह ऑनलाइन धोखाधड़ी से बच सके।

### आयुष कैंप आयोजित करेंगे

हम नियमित आयुष कैम्प आयोजित करके वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन के लिए आयुर्वेद, योग और अन्य पारंपरिक पद्धतियों से सम्पूर्ण चिकित्सा समाधान प्रदान करेंगे।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुगम पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करेंगे

हम वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को और सुविधाजनक बनाने के लिए सुगम पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर एवं ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (सार्वजनिक संरचना एवं परिवहन प्रणाली) लागू करेंगे।

### तीर्थ यात्रा को सुगम एवं सुविधायुक्त बनाएंगे

हम विभिन्न प्रदेश सरकारों के साथ काम करके वरिष्ठ नागरिकों के लिए भावपूर्ण एवं सुगम तीर्थ यात्रा की व्यवस्था करेंगे।






# किसानों का सम्मान मोदी की गारंटी

**किसानों का सम्मान व सशक्तिकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। हमने पिछले दस वर्षों में सॉइल हेल्थ कार्ड, सूक्ष्म सिंचाई, फसल बीमा, आसानी से बीज की उपलब्धता जैसी विभिन्न नीतियों एवं पीएम किसान सम्मान योजना के अंतर्गत सीधे उनके खातों में वित्तीय सहायता प्रदान करके किसानों को सशक्त बनाया है। हमने एमएसपी में भी लगातार वृद्धि की है। हम आगे भी अपने किसान परिवारों की आय को बढ़ाने के लिए काम करेंगे।**

## लाभकारी कृषि

### पीएम किसान योजना से किसानों को मजबूती प्रदान करेंगे

हमने किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की है। हम किसानों को निरंतर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### पीएम फसल बीमा योजना में मजबूती

हम फसल के नुकसान का शीघ्र और सही मूल्यांकन, समयबद्ध भुगतान और किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग करेंगे।

### एमएसपी में बढ़ोतरी

हमने प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि की है। हम समयबद्ध तरीके से एमएसपी में वृद्धि को जारी रखेंगे।

### दाल और खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता

हम भारत को दाल (जैसे अरहर, उड़द, मसूर, मूंग और चना) और खाद्य तेल (जैसे सरसों, सोयाबीन, तिल और मूंगफली) के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अन्नदाताओं को समृद्ध बनाएंगे।

### सब्जी उत्पादन और स्टोरेज के लिए नए क्लस्टर बनाएंगे

हम अन्नदाताओं को जरूरी कृषि इनपुट प्रदान करके पौष्टिक सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देंगे। साथ ही प्याज, टमाटर, आलू आदि जैसी आवश्यक सब्जियों के उत्पादन के लिए नए क्लस्टर स्थापित करेंगे। इन क्लस्टर्स में भंडारण और वितरण की सुविधाएं भी प्रदान करेंगे।

### भारत को विश्व के न्यूट्री-हब के रूप में स्थापित करेंगे

हम अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष की सफलता के आधार पर खाद्य सुरक्षा, पोषण सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए श्री अन्न (मिलेट्स) को बढ़ावा देंगे और भारत को अंतरराष्ट्रीय मिलेट हब बनाएंगे।

### श्री अन्न सुपरफूड

हमने मिलेट (श्री अन्न) को विश्व में मान्यता दिलाई है। अब हम श्री अन्न को विश्व सुपरफूड के रूप में स्थापित करेंगे। हम छोटे किसानों को मिलेट की खेती करने के लिए प्रोत्साहन देंगे। हम श्री अन्न की पौष्टिकता और स्वास्थ्य के लाभों को रेखांकित करने के लिए अनुसंधान और जागरूकता को भी बढ़ावा देंगे।

### प्राकृतिक खेती का विस्तार

हम प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत लाभकारी खेती, पर्यावरण संरक्षण एवं खाद्य और पोषण सुरक्षा भी सुनिश्चित करेंगे।

### फसल विविधीकरण (क्रॉप डायवर्सिफिकेशन)

हमने उचित मूल्य समर्थन के साथ फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित किया है। इसे आगे बढ़ाते हुए, हम कृषि को पर्यावरण अनुकूल और लाभकारी बनाने के लिए फसल विविधीकरण का और विस्तार करेंगे।

## सुदृढ़ कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर

### कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन

हम भंडारण सुविधाओं, सिंचाई, ग्रेडिंग और सॉर्टिंग इकाइयों, कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं और फूड प्रोसेसिंग जैसी कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर की एकीकृत योजनाओं के समन्वित कार्यान्वयन के लिए एक कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरु करेंगे।

### सिंचाई सुविधाओं का विस्तार

हमने पीएम कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 25.5 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता में वृद्धि की है। हम कुशल जल प्रबंधन के लिए टेक्नोलॉजी के सही उपयोग के साथ सिंचाई क्षमताओं का विस्तार करेंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में अनाज स्टोरेज सुविधाओं का नेटवर्क

हम सहकारिता के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के अंतर्गत पीएसीएस (PACS) में पर्याप्त भंडारण क्षमता विकसित करेंगे। हम इसे ग्रेडिंग, सॉर्टिंग, प्रोसेसिंग और पैकिंग जैसी सुविधाओं के साथ पूरा करेंगे।

### कृषि सैटेलाइट

हम कीटनाशक के प्रयोग, सिंचाई, सॉइल हेल्थ, मौसम पूर्वानुमान जैसी कृषि संबंधी गतिविधियों के लिए एक स्वदेशी भारत कृषि सैटेलाइट लॉन्च करेंगे।

### कृषि में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर

हम कृषि में सूचना की विसंगति को हटाने और किसान केंद्रित समाधान एवं सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करेंगे।

## बीज, खाद और उपकरणों की उपलब्धता

### कस्टम हायरिंग केन्द्रों को दोगुना करेंगे

हमने अब तक 25,000 कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित किए हैं। हम अब कृषि मशीनरी और उपकरण बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए कस्टम हायरिंग केंद्रों की संख्या दोगुनी करेंगे।

### कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) का विस्तार करेंगे

हमने अपने किसानों को डिजिटल समाधान प्रदान करने के लिए केवीके को अपग्रेड किया है। अब, हम सभी कृषि विज्ञान केंद्रों को कौशल विकास के वन-स्टॉप सेंटर में अपग्रेड करेंगे।

### पीएम किसान समृद्धि केंद्रों का विस्तार

हमने सभी कृषि इनपुट और सेवाएं प्रदान करने के लिए पीएम किसान समृद्धि केंद्रों को वन स्टॉप सेंटर के रूप में स्थापित किया है। हम पीएम किसान समृद्धि केंद्रों के नेटवर्क का और विस्तार करेंगे।

### उच्च उत्पादक बीज सुनिश्चित करेंगे

हम किसानों को अच्छी क्षमता और बदलती जलवायु में काम आ सकने वाले प्राकृतिक बीजों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

### नैनो यूरिया की उपलब्धता

कृषि भूमि को उपजाऊ बनाए रखने में नैनो यूरिया की बहुत अहम भूमिका है। हम इसके उपयोग का और विस्तार करेंगे।



### डेयरी सहकारी समितियों का विस्तार

हम अगले पांच वर्षों में चारा बैंकों, दूध परीक्षण प्रयोगशालाओं, बल्क मिल्क कूलर और दूध प्रसंस्करण की सुविधाओं के साथ गांवों में डेयरी सहकारी समितियों के नेटवर्क का विस्तार करेंगे।

### देशी पशुओं की रक्षा

हम देशी पशुओं की प्रजातियों का संरक्षण करेंगे, और उनकी उत्पादकता बढ़ाने और उनके जेनेटिक डायवर्सिटी को संरक्षित करने के प्रयास करेंगे।

### पशु रोगों का उन्मूलन

हम फुट एवं माउथ डिजीज (एफएमडी) की रोकथाम करेंगे और टीकाकरण अभियान के माध्यम से ब्रुसेलोसिस को भी नियंत्रित करेंगे।

### सहकार से समृद्धि

हम सहकारिता को मजबूत, कुशल, पारदर्शी, तकनीकी रूप से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सहकारी नीति लागू करेंगे।





# मत्स्य पालक परिवारजनों की समृद्धि मोदी की गारंटी

**हम मत्स्य पालकों की समृद्धि और कल्याण के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण, वित्तीय सहायता और कौशल विकास जैसी पहलों का विस्तार करेंगे। हमारे प्रयासों का उद्देश्य मत्स्य पालक परिवारजनों का सशक्तिकरण और देश में नीली क्रांति को आगे बढ़ाना है।**

## पीएम मत्स्य सम्पदा योजना का विस्तार

हम मछली उत्पादन और सीफूड निर्यात को बढ़ाने के लिए पीएम मत्स्य सम्पदा योजना का विस्तार करेंगे।

## मत्सय पालन के लिए बीमा

हम शीघ्र और सही मूल्यांकन, समयबद्ध भुगतान और त्वरित समस्या समाधान को तकनीक के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे, इसके लिए हम पीएम मत्स्य सम्पदा योजना का विस्तार करके बीमा कवरेज को बढ़ाएंगे।

## मछुआरों के लिए प्रोडक्शन और प्रोसेसिंग क्लस्टर

हम तटीय समुदाय की महिलाओं के कल्याण पर विशेष ध्यान देते हुए मछली पालन आदि क्षेत्रों में प्रोडक्शन और प्रोसेसिंग क्लस्टर विकसित करेंगे।

## सी-वीड की खेती

मत्सय पालकों के आय बढ़ाने के लिए पीएम मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत सी-वीड की खेती को बढ़ावा देंगे।

## मोती की खेती

हम भारत में मोती उत्पादन को प्रोत्साहन देकर मत्सय पालकों की स्थायी आजीविका के अवसर सुनिश्चित करेंगे।

## न्यूक्लियस ब्रीडिंग केंद्र और ब्रूड बैंक

हम न्यूक्लियस ब्रीडिंग केंद्रों और ब्रूड बैंकों के नेटवर्क की स्थापना से मत्स्य पालन क्षेत्र में उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाएंगे।

## मछुआरों की सुरक्षा के लिए सैटेलाइट इमेजरी

हम मछुआरा समुदाय की सुरक्षा एवं अन्य सेवाओं के लिए सैटेलाइट इमेजरी का एक विशेष कार्यक्रम शुरू करेंगे।

## टेक्नोलॉजी की मदद से मछुआरों की सहायता

हम मछली पालन में तटीय और जलीय प्राणियों के रोगों से निपटने, मछलियों के खाने एवं उनके विकास की जांच के लिए तकनीकी का उपयोग करेंगे। हम मछली पालन और एक्वाकल्चर के प्रबंधन के लिए ड्रोन टेक्नोलॉजी का उपयोग करेंगे।





# श्रमिकों का सम्मान
# मोदी की गारंटी

**भारत की प्रगति में हमारे श्रमिक परिवारजनों का बहुत बड़ा योगदान है। हम असंगठित एवं नई अर्थव्यवस्था में काम करने वाले गिग वर्कर, ट्रक ड्राइवर, सामान उठाने वाले पोर्टर, घरेलू काम करने वाले श्रमिक, रेहड़ी पटरी पर सामान बेचकर जीने वाले श्रमिक सहित सभी श्रमिकों के लिए सर्वोत्तम अवसर और सुगम सुविधाएं प्रदान करने के लिए संकल्पित हैं।**

### राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन

हम समय-समय पर राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन की समीक्षा करेंगे।

### डाकघरों और डिजिटल इंडिया के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेंगे

हमने असंगठित श्रमिकों के लिए पीएम जीवन ज्योति बीमा और पीएम सुरक्षा बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया है। हम ऐसी सभी योजनाओं का डाकघर और डिजिटल इंडिया नेटवर्क के माध्यम से विस्तार करेंगे। हम सुलभ नामांकन और सरल भुगतान के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का भी उपयोग करेंगे।

### ई-श्रम में श्रमिकों का कवरेज बढ़ाएंगे

हमने असंगठित श्रमिकों को ई-श्रम प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत किया है। अब, हम ई-श्रम पर पंजीकृत सभी श्रमिक बंधुओं को विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों की पात्रता के अनुसार लाभ लेने में सहायता करेंगे।

### गिग वर्कर्स का ई-श्रम पंजीकरण

हम नई अर्थव्यवस्था में काम करने वाले गिग वर्कर्स का ई-श्रम पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे एवं उनकी पात्रता अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सहायता करेंगे।

## प्रवासी श्रमिकों का ई-श्रम पंजीकरण

हम ई-श्रम पर पंजीकृत प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे एवं उनकी पात्रता अनुसार सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सहायता करेंगे।

## प्रवासी श्रमिकों के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं

हम महत्वपूर्ण त्योहारों पर प्रवासी श्रमिकों के लिए विशेष ट्रेनों की व्यवस्था करते हैं। हम इन ट्रेनों का विस्तार करके उनकी सुलभ यात्रा को सुनिश्चित करेंगे।

## पीएम स्वनिधि

हमने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 63+ लाख रेहड़ी पटरी के विक्रेताओं को ऋण सुविधा प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाया है। हम पीएम स्वनिधि का विस्तार कर गांवों और कस्बों में फेरी वाले, खोमचे वाले एवं घूम-घूमकर सामान बेचने वालों को पीएम स्वनिधि योजना में शामिल करेंगे।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर ड्राइवरों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे

हम ट्रक ड्राइवरों के लिए एक नई योजना शुरू करके राष्ट्रीय राजमार्गों पर उनके लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित करेंगे।

## ऑटो, टैक्सी, ट्रक और अन्य ड्राइवरों के लिए सामाजिक सुरक्षा

हम ई-श्रम पोर्टल पर ऑटो, टैक्सी, ट्रक और अन्य ड्राइवरों को पंजीकृत करके विभिन्न लाभकारी योजनाओं के अंतर्गत 100% कवरेज सुनिश्चित करेंगे।





# एमएसएमई, छोटे व्यापारियों और विश्वकर्माओं का सशक्तिकरण

## मोदी की गारंटी

**सदियों से छोटे व्यापारी और विश्वकर्मा परिवार हमारी अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते आ रहे हैं। हम एमएसएमई (MSME), छोटे व्यापारी और विश्वकर्मा परिवारों के विकास के लिए सुरक्षित और नवाचार युक्त वातावरण को बढ़ावा देंगे। इन परिवारों के सतत आर्थिक विकास एवं सशक्तिकरण के लिए हम संकल्पित हैं।**

### वर्किंग कैपिटल की सहज उपलब्धता

हम छोटे व्यापारियों और एमएसएमई के विकास के लिए एक मजबूत और सरल डिजिटल क्रेडिट उपाय विकसित करने के लिए डिजिटल इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करेंगे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना

स्वतंत्रता के बाद पहली बार, हमने विश्वकर्मा परिवारों के उत्थान के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इसके अंतर्गत वित्तीय सहायता, क्रेडिट सुविधाएं, प्रशिक्षण, कौशल विकास और मार्केट एक्सेस प्रदान की जा रही है। हम इस पहल का विस्तार करेंगे और इसके माध्यम से विश्वकर्मा समुदाय को अधिक सशक्त बनाएंगे।

### नियमों और कानूनों का सरलीकरण

हम नियमों को कम करके छोटे व्यापारियों और एमएसएमई के जीवन और व्यापार को आसान बनाएंगे। साथ ही, हम राज्य सरकारों को उनके कानूनों को सरल बनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

### छोटे व्यापारियों और एमएसएमई के व्यवसाय का विस्तार

हम छोटे व्यापारियों और एमएसएमई को ओएनडीसी अपनाने और तकनीक का उपयोग कर अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

### साइबर खतरों से बचाव

हम छोटे व्यापारियों और एमएसएमई को साइबर खतरों और धोखाधड़ी से बचाने के लिए सार्वजनिक साइबर सुरक्षा प्रोडक्ट्स का एक इकोसिस्टम बनाएंगे।

### किफायती बीमा प्रोडक्ट

हम छोटे व्यापारियों और एमएसएमई को आग, चोरी, प्राकृतिक आपदाओं जैसी दुर्घटनाओं से बचाने के लिए किफायती बीमा प्रोडक्ट्स शुरू करेंगे।

### जीएसटी पोर्टल का सरलीकरण

हम जीएसटी पोर्टल को और सरल बनाएंगे, जिसके अंतर्गत एमएसएमई और छोटे व्यापारियों के कार्य को और आसान करेंगे।

### परंपरागत हस्तशिल्प

हम डिजाइन कौशल संस्थानों के साथ मिलकर परंपरागत हस्तशिल्प का आधुनिकीकरण करेंगे और पारंपरिक कारीगरों को कौशल प्रदान करने के लिए हैंडीक्राफ्ट डिजाइन बैंक की स्थापना भी करेंगे। साथ ही, हम पारंपरिक कारीगरों को ग्लोबल मार्केट से जोड़कर उनकी आजीविका के नए अवसरों का सृजन करेंगे।

### डाकघर निर्यात केंद्र का विस्तार

हम एमएसएमई, छोटे व्यापारियों और विश्वकर्मा परिवारों को आसान निर्यात सुविधा प्रदान करने के लिए डाक घर निर्यात केंद्रों के नेटवर्क का विस्तार करेंगे।

### खादी एक वैश्विक ब्रांड

हम प्राकृतिक एवं सरल जीवन शैली के लिए खादी को एक वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित करेंगे।

### टॉय एक्सपोर्ट हब

हम भारत को खिलौनों के विश्व स्तरीय निर्माण का केंद्र बनाएंगे। हमारे कुशल कार्यबल और समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के बल पर हम नवाचार से उच्च गुणवत्ता वाले खिलौनों का उत्पादन करेंगे ताकि भारत को खिलौना निर्यात का केंद्र बनाया जा सके।





# सबका साथ सबका विकास मोदी की गारंटी

**हमारी पार्टी ने हमेशा से कमजोर और वंचित परिवारों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। वंचितों को वरीयता और अंत्योदय जैसे मूल्य हमारे 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र का मार्गदर्शन करते हैं। हम समाज के सभी वंचित वर्गों के जीवन में गुणात्मक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सर्वसमाज को साथ लेकर विकसित और समावेशी भारत बनाने के लिए संकल्पित हैं।**

### जनजातीय समाज के योगदान को मान्यता

हमने जनजातीय समुदायों द्वारा किए गए योगदानों की मान्यता के लिए जनजातीय गौरव दिवस की स्थापना की है। हम इसे आगे बढ़ाएंगे और वर्ष 2025 (भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती) को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित करेंगे।

### जनजातीय समुदायों के स्वास्थ्य पर ध्यान

हम जनजातीय बच्चों में कुपोषण को समाप्त करने और जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगे और सिकल सेल रोग के उन्मूलन पर विशेष ध्यान देंगे।

### जनजातीय विरासत एवं संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन

हम जनजातीय समुदायों की संस्कृति का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

- हम जनजातीय अनुसंधान संस्थानों का फंड बढ़ाकर जनजातीय विरासत पर अनुसंधान को प्रोत्साहित करेंगे तथा उनका संरक्षण एवं प्रसार करेंगे।
- हम नए कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय भाषाओं की सुरक्षा और संरक्षण करेंगे।

- हम स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदान को जीवंत रखने के लिए और नए जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय स्थापित करेंगे।
- हम डिजिटल जनजातीय कला अकादमी की स्थापना करके जनजातीय कला को बढ़ावा देंगे।
- हम जनजातियों की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का संवर्धन और प्रचार करेंगे।

## प्रत्येक जिले में समिति

हम प्रत्येक जिले में एक समिति का गठन करके हर जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाएंगे। इस समिति में ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों का भी उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा।

## पीएम-सूरज

हम पीएम सूरज के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को सरल ऋण प्रदान करके उनको आजीविका के अवसर देंगे।

## लघु वन उपज को बढ़ावा

हम नवाचारी और प्रौद्योगिकी-प्रेरित स्टार्टअप्स को उत्पादन और मूल्य वर्धन के लिए वाणिज्यिक रूप से सक्षम और वन-आधारित उद्यमों की शुरुआत करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। हम सभी पात्र जनजातीय स्व-सहायता समूहों को वन धन विकास केंद्र, एफपीओ (FPOs), और एनआरएलएम (NRLM) के साथ जोड़कर कौशल और उद्यमशीलता प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना

हमने 740 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लक्ष्य के साथ जनजातीय बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की है। हम शेष स्कूलों का समयबद्ध निर्माण और संचालन सुनिश्चित करेंगे।

## विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (PVTG) की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार

हम पीएम जनमन के माध्यम से 24,000 करोड़ रुपये का निवेश करके विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (PVTG) की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समग्र आबादी के स्तर पर लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों का प्रतिनिधित्व

हमारे 60% वर्तमान मंत्री एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय से हैं। हमने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है तथा सभी गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ एससी, एसटी और ओबीसी परिवारों तक पहुंचाया है। हम अपनी विकसित भारत की यात्रा में सबका साथ, सबका विकास एवं सभी वर्गों की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## आजीविका के अवसरों का विस्तार

हम मुद्रा योजना के अंतर्गत ऋण सीमा को दोगुना कर 20 लाख रुपये करेंगे, जिससे ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के परिवारों को अधिक आजीविका के अवसर मिलेंगे। हम पीएम स्वनिधि और पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी सफल योजनाओं का भी विस्तार करेंगे। इसके साथ ही, इको टूरिज्म एवं होमस्टे से भी रोजगार के नए अवसरों का सृजन करेंगे।

## छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार

हम मेधावी छात्रों के लिए मौजूदा छात्रवृत्ति का विस्तार करके यह सुनिश्चित करेंगे कि ओबीसी, एससी और एसटी परिवारों का कोई भी छात्र उच्च शिक्षा से वंचित न रहे।

## ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के लिए कौशल विकास के अवसर

हम ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के लिए मौजूदा कौशल विकास के अवसरों को बढ़ाएंगे और उनके मौजूदा कौशलों को प्रमारीकरण करेंगे।

## घुमंतू जाति के परिवारजनों का सशक्तिकरण

हमने घुमंतू जाति के परिवारजनों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरु की हैं, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। हम इन सभी योजनाओं का और विस्तार करेंगे।

## सफाई कर्मचारियों का सशक्तिकरण

हमने सफाई कर्मचारियों के लिए नमस्ते एवं अन्य कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है, जिससे सफाई कर्मचारियों के लिए सुरक्षा, सम्मान और आजीविका सुनिश्चित की है। इन सभी योजनाओं का हम आगे भी विस्तार करेंगे।

## दिव्यांगों के लिए किफायती उपकरण का निर्माण

हम दिव्यांगों के लिए किफायती एवं स्वदेशी उपकरणों के विकास को प्रोत्साहन देना जारी रखेंगे ताकि भारत ऐसे उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर बन सके।

## पीएम आवास योजना के अंतर्गत दिव्यांगों को आवास

हम पीएम आवास योजना के अंतर्गत विशेष रूप से दिव्यांग जनों की आवास आवश्यकताओं को प्राथमिकता देकर उनके अनुरूप किफायती एवं सुलभ आवास प्रदान करते रहेंगे।

## ट्रांसजेंडरों के लिए गरिमा ग्रह के नेटवर्क का विस्तार

हम ट्रांसजेंडरों की जरूरतों को पूरा करने के लिए गरिमा ग्रह के नेटवर्क का विस्तार करेंगे। हम देश भर में ट्रांसजेंडर्स की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पहचान पत्र जारी करेंगे एवं सभी पात्र ट्रांसजेंडर को आयुष्मान भारत के अंतर्गत कवर करेंगे।

## भाषाई अल्पसंख्यकों का संरक्षण

हम भाषाई अल्पसंख्यकों की भाषाओं के संरक्षण एवं अनुवाद की सुविधा के लिए भाषिनी जैसे टेक्नोलॉजी-बेस्ड सिस्टम का विस्तार करेंगे।






# विश्व बंधु भारत की मोदी की गारंटी

पिछले दस वर्षों में हमने भारत के प्रति विश्व का दृष्टिकोण बदला है। आज भारत पर दुनिया का भरोसा मजबूत हुआ है। भारत ने स्वयं को सहमति व समन्वय के साथ आगे बढ़ने वाले फर्स्ट रेस्पॉन्डर और ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में स्थापित किया है। आज का भारत मानवता की प्रबल पक्षधर शक्ति के रूप में उभरा है। आज विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा लोकतंत्र की जननी के रूप में स्थापित हुई है। दुनिया के अलग-अलग देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों में गौरव की अनुभूति का संचार हुआ है। हम अपने राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## भारत प्रथम विदेश नीति

### ग्लोबल साउथ का नेतृत्व

हम प्रधानमंत्री जी के 5-एस विजन - सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति और समृद्धि - के माध्यम से ग्लोबल साउथ की आवाज बनकर भारत की स्थिति को और अधिक मजबूत करेंगे।

### फर्स्ट रिस्पॉन्डर भारत

हम अपने मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यक्रमों को जारी रखते हुए एक भरोसेमंद भागीदार और फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता

हम भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता हासिल करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहमति

हम आतंकवाद से निपटने के सभी प्रयासों पर संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच एक आम सहमति विकसित करने के प्रयासों को जारी रखेंगे। 'नो मनी फॉर टेरर' सम्मेलन की सफलता के आधार पर, हम टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ समन्वय सुनिश्चित करेंगे।

## नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी

उपमहाद्वीप में, हम एक विश्वसनीय और जवाबदेह साझेदार के रूप में अपनी भूमिका को जारी रखेंगे, साथ ही क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देंगे और स्थिरता एवं समृद्धि सुनिश्चित करेंगे।

## मेरीटाइम विज़न

हम सभी की सुरक्षा और विकास के लिए इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग जारी रखेंगे।

## भारत के व्यापार हितों को बढ़ावा देने के लिए आईएमईसी (IMEC) की स्थापना

हम भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर के माध्यम से यूरोप तक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देकर भारत के माध्यम से व्यापार और सेवाओं के अंतरराष्ट्रीय आंदोलन को सुविधाजनक बनाएंगे।

## मिनरल सिक्योरिटी सुनिश्चित करेंगे

हम विशेष खनिजों की उपलब्धता के लिए वैश्विक साझेदारी के साथ काम करेंगे। ग्लोबल सप्लाई चेन, खनन, प्रोसेसिंग और संबंधित टेक्नोलॉजी को और सुरक्षित करेंगे।

## भारत के डिप्लोमेटिक नेटवर्क का विस्तार

हम भारत के हितों को आगे बढ़ाने के लिए अपने मिशन और डिप्लोमेट्स के नेटवर्क का विस्तार करेंगे।

## प्रवासी भारतीयों को भारत के विकास और संवर्धन में सहभागी बनाएंगे

हम अपने पारस्परिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों के संवर्धन के लिए भारतीय प्रवासियों के साथ अपने संबंधों को सुदृढ़ करेंगे। उन्हें भारत की प्रगति में सक्रिय रूप से शामिल करेंगे।



## भारत की ग्लोबल सॉफ्ट पावर को बढ़ाएंगे

### विश्व स्तर पर तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र

हम भारत की समृद्ध संस्कृति के प्रदर्शन और योग, आयुर्वेद, भारतीय भाषाओं, शास्त्रीय संगीत इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विश्व भर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना करेंगे। हम भारत की ऐतिहासिक लोकतांत्रिक परंपराओं, जिनके कारण हमें लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है, उनको और बढ़ावा देंगे।

### अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों में अग्रणी

हम अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, कोलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर, वन फ्यूचर एलायंस, ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस और बिग कैट एलायंस जैसे पारस्परिक हित (म्यूच्यूअल इंटरेस्ट) के क्षेत्रों में समान विचारधारा वाले देशों का नेतृत्व करना जारी रखेंगे।

### भारतीय डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का दुनिया भर में विस्तार

भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को दुनिया भर में सराहा जा रहा है। हम साथी देशों के साथ इस टेक्नोलॉजी को साझा करने की दिशा में काम करेंगे।

### योग और आयुर्वेद का दुनिया भर में विस्तार करेंगे

हम सभी प्रमुख देशों में प्रमाणित पाठ्यक्रम प्रदान करने की दिशा में योग और आयुर्वेद संस्थानों को सुविधा देंगे। साथ ही, हम योग और आयुर्वेद के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र की व्यवस्था भी स्थापित करेंगे।

### भारतीय कलाकृतियों को वापस लाएंगे

हम भारत से अवैध रूप से ले जाई गई भारतीय मूर्तियों और कलाकृतियों को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### शास्त्रीय भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन

विश्व के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में शास्त्रीय भारतीय भाषाओं के अध्ययन की व्यवस्था करेंगे।

## भारत की सांस्कृतिक विरासत का विकास

### भारतीय सभ्यता के स्मारकों को पुनर्जीवित करेंगे

हम भारतीय सभ्यता के स्थलों और स्मारकों को पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने के लिए अन्य देशों के साथ सहयोग करेंगे।

### भगवान राम की विरासत का संरक्षण और प्रचार करेंगे

रामायण को दुनिया भर में, खासकर दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में, माना जाता है। हम सभी देशों में भगवान राम की मूर्त और अमूर्त विरासत को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करेंगे। हम राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के स्मरण में दुनिया भर में उत्साह के साथ रामायण उत्सव मनाएंगे।





# सुरक्षित भारत की मोदी की गारंटी

**पिछले दस वर्षों में हमने अपने देश और नागरिकों को आतंकवाद और नक्सलवाद के खतरों से बचाने के लिए स्पष्ट रुख अपनाया है। हमने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। हम आगे भी अपने देश और नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सुरक्षित और समृद्ध भारत मोदी की गारंटी है।**

### आतंकवाद के विरुद्ध जीरो-टॉलरेंस नीति

आतंकवाद का मुकाबला करने की दिशा में 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की एयर स्ट्राइक हमारे प्रयासों के ठोस उदाहरण हैं। हम आतंकवाद के सभी खतरों से देश और विदेश में भारतीय नागरिकों और हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सैन्य कमानों का थिएटराइजेशन

हमने सेना में बेहतर समन्वय के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) का पद स्थापित किया है। हम सेना के कुशल संचालन के लिए सैन्य थिएटर कमांड की स्थापना करेंगे।

### सीमाओं पर मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे

पिछली सरकारों की घोर उपेक्षा के परिणामस्वरुप सीमावर्ती क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर था। हमने इस गंभीर गलती का सुधार करते हुए सड़क, रेलवे, टेलीकॉम टावर, ऑप्टिकल फाइबर केबल और बिजली नेटवर्क का निर्माण शुरू किया है। हम भारत-चीन, भारत-पाकिस्तान और भारत-म्यांमार सीमाओं पर मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर का समयबद्ध विकास सुनिश्चित करेंगे एवं टेक्नोलॉजी के उपयोग से फेंसिंग को अधिक स्मार्ट बनाएंगे।

### नशे के खिलाफ हमारी लड़ाई को और मजबूत करेंगे

हम तकनीकी, कानूनी और इंटेलिजेंस कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं पर नशीली पदार्थों के प्रभाव को खत्म करने का प्रयास जारी रखेंगे। हम नशीली पदार्थों के प्रसारण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करेंगे। बिग डाटा एनालिटिक्स, एआई, ड्रोन और सेटेलाइट इमेजरी के माध्यम से ड्रग्स की तस्करी को न्यूनतम स्तर तक ले जाने का प्रयास करेंगे।

### न्याय संहिता को शीघ्र लागू करेंगे

भारत के नागरिकों की सुरक्षा और न्याय के लिए हमने भारतीय न्याय संहिता पारित किया है, इस कानून को व्यापक रूप से लागू करने के लिए प्रशिक्षण, ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स, विश्वविद्यालयों के विधि विभाग में नए पाठ्यक्रम इत्यादि कई प्रभावी कदम उठाएंगे।

### वामपंथी उग्रवाद का खात्मा

हम वामपंथी उग्रवाद के सभी रूपों को खत्म करने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित कर्मियों के साथ अपने अर्धसैनिक बलों को मजबूत करेंगे। हमारी विकास की पहलों ने वामपंथी उग्रवादियों द्वारा फैलाए गए झूठ को कमजोर किया है। अब, हम विकास और कल्याणकारी योजनाओं को वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों में अंतिम छोर तक पहुचाएंगे। इस बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से वामपंथी उग्रवाद को खत्म करके विकसित भारत की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेंगे।

### सीएए का कार्यान्वयन

हमने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। इससे सभी पात्र व्यक्तियों को नागरिकता प्रदान करेंगे।

### सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की क्षमताओं को बढ़ाएंगे

हम सभी प्रकार के मौजूदा और नए खतरों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को अत्याधुनिक हथियारों, उपकरणों और टेक्नोलॉजी से सुसज्जित करेंगे।

### राष्ट्रीय फोरेंसिक मिशन

सजा से न्याय की ओर बढ़ने, वर्तमान कन्विक्शन रेट को और सुधारने एवं फॉरेंसिक प्रणाली को मजबूत करने के लिए हम एक राष्ट्रीय फोरेंसिक मिशन की शुरुआत करेंगे।

### हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के हितों की रक्षा करेंगे

हम रणनीतिक स्थानों पर भारत के रक्षा फुटप्रिंट का विस्तार करके, भारत और हिंद महासागर क्षेत्र के सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए मित्र देशों के साथ साझेदारी करेंगे।

### डिजिटल संप्रभुता की रक्षा करेंगे

हम भारत की डिजिटल संप्रभुता को मजबूत करने के लिए जरूरी कदम उठाएंगे और इंटरनेट पर भारतीयों की डिजिटल खतरों से सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, साथ ही ऐसी संस्थाएं जो भारत के लिए खतरा है, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेंगे।

### मजबूत साइबर सुरक्षा नीतियों को लागू करना

हम भारत की साइबर सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के लिए साइबर सुरक्षा नीतियां लाएंगे।






# समृद्ध भारत की मोदी की गारंटी

**हमने वैश्विक अस्थिरता और कोविड जैसी वैश्विक महामारी के बावजूद भारत को फ्रेजाइल 5 (fragile 5) से विश्व की 5वी आर्थिक शक्ति बनाने में सफलता हासिल की है। हमने अपनी वित्तीय प्रणाली को मजबूत किया, वित्तीय अनुशासन बनाए रखा और अपने विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि की है। हमने नागरिकों को वैश्विक उतार-चढाव से सफलतापूर्वक बचाकर आर्थिक विकास के अनुकूल माहौल बनाया है। हमारी नीतियों का परिणाम है कि आज भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हम अपने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए एक ठोस और सशक्त नींव का निर्माण जारी रखेंगे।**

### भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे

हमने पिछले 10 वर्षों में भारत को 11वीं से 5वीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाया है। यह हमारी स्पष्ट नीतियों, सही कार्यान्वयन और सुव्यवस्थित योजनाओं के माध्यम से संभव हुआ है। अब, हम भारत को तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की गारंटी देते हैं।

### वित्तीय स्थिरता कायम रखेंगे

हमने पिछले दस वर्षों में भारत की वित्तीय व्यवस्था को मजबूत किया, महंगाई पर लगाम रखी और तेजी के साथ अर्थव्यवस्था का विस्तार किया है। हम इसी संयम और समझदारी के साथ भारत की अर्थव्यवस्था का विस्तार करेंगे।

### रोजगार के अवसरों में विस्तार करेंगे

वैश्विक चुनौतियों और कोविड महामारी जैसी घटनाओं के बावजूद, हमारी आर्थिक नीतियों ने बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। हमारे मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस क्षेत्र, ग्रामीण उद्योग, इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों के लिए किए गए विशेष प्रयासों के कारण रोजगार के लाखों अवसर पैदा हुए हैं। साथ ही, हमने स्वनिधि और मुद्रा के माध्यम से क्रेडिट सुविधाएं

प्रदान करके आजीविका के अवसरों का व्यापक रूप से विस्तार किया है। हम अपने नागरिकों के लिए रोजगार, स्वरोजगार और आजीविका के अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भारत को एक विश्वसनीय वैश्विक वैल्यू चैन के साझेदार के रूप में विकसित करेंगे

हमारी मेक इन इंडिया, पीएलआई जैसी नीतियों ने मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि की है। मैन्युफैक्चरिंग में रोजगार सृजन की विशाल क्षमताओं को हम पहचानते हैं। हम नियमों के सरलीकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश, उद्योगों के लिए वित्तीय सहयोग और अनुसंधान द्वारा भारत को एक विश्वसनीय ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाएंगे।

### निर्यात को बढ़ावा

हम अंतरराष्ट्रीय सहयोग, बुनियादी ढांचे के विकास और कानूनों के सरलीकरण के माध्यम से भारत के निर्यात को बढ़ावा देंगे।

### आर्थिक कानूनों में सुधार

हमने सरल नियमों, नए कानूनों और तकनीकों के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर प्रणालियों को सुलभ बनाया है। अब, हम आज की अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं के अनुरूप आर्थिक और व्यावसायिक कानूनों को एक नया रूप देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### ईमानदार करदाता का सम्मान

हम भारत की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले ईमानदार करदाताओं का सम्मान करेंगे।





# ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा भारत
# मोदी की गारंटी

**पिछले दस वर्षों में हमने मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में बहुत प्रगति की है। हमने मेक इन इंडिया, पीएलआई, जैसी योजनाएं शुरू की। अनेक जटिल नियमों में सरलीकरण किया जो मैन्युफैक्चरिंग के लिए महत्वपूर्ण हैं। हम रोजगार के अवसर बढ़ाने और आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के लिए मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की नीति पर आगे बढ़ेंगे। हमारी अनुसंधान और डिजाइन की प्रतिभा मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को मजबूत करेंगी। हम ग्लोबल वैल्यू चेन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसलिए, भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना हमारा संकल्प हैं।**

### वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब

मेक इन इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से हमने मैन्युफैक्चरिंग को एक प्रमुख आर्थिक क्षेत्र के रूप में स्थापित किया है। इसके अंतर्गत हमने इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, मोबाइल, ऑटोमोबाइल आदि उद्योगों में अनेक सफलताएं प्राप्त की है। हम भारत को एक वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने और मैन्युफैक्चरिंग से रोजगार बढ़ाने की दिशा में निरंतर काम करेंगे।

### भारत को प्रोडक्ट नेशन के रूप में विकसित करेंगे

पिछले 10 वर्षों में भारत इंजीनियरिंग और डिजाइन के क्षेत्र में एक प्रमुख हब बनकर उभरा है। आज भी भारत ऐसे अनेक उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग कर रहा है जिन्हे बहुत जटिल माना जाता है। हम अपनी इन क्षमताओं का विस्तार करते हुए, एक प्रोडक्ट नेशन के तौर पर अग्रणी भूमिका में उभरेंगे।

### औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे

हम पीएम-गति शक्ति के आधार पर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों का विकास करेंगे। इससे देश के पिछड़े क्षेत्रों में उद्योग स्थापित हो सकेंगे।

## एक जिला-एक उत्पाद

हमने देश के सभी जिलों के विकास के लिए एक जिला-एक उत्पाद की पहल की है। इसको और आगे बढ़ाएंगे जिससे पूरे देश में समावेशी विकास हो सके।

## विश्व स्तरीय फूड प्रोसेसिंग उद्योग विकसित करेंगे

- हम स्मार्ट फूड प्रोसेसिंग हब स्थापित करेंगे, जो अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त होंगे। यह केंद्र गुणवत्ता, अनुसंधान क्षमता और दक्षता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित रखेंगे।
- हम भारत को प्रोसेस्ड फल, सब्जी, दुग्ध उत्पाद, मछली और सी-फूड की ग्लोबल वैल्यू चेन में एक अहम् भागीदार के रूप में स्थापित करेंगे।

## प्रमुख उद्योगों का विस्तार करेंगे

हम स्टील, सीमेंट, लोहा जैसे उद्योगों में हो रहे बदलावों को देखते हुए इन उद्योगों में ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देंगे।

## रक्षा उत्पाद को बढ़ावा देंगे

हम भारत में बने रक्षा उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात को बढ़ावा देंगे। वायु सेना, नौसेना एवं थल सेना में उपयोग होने वाले रक्षा उपकरणों और प्लेटफार्म को मेक इन इंडिया के अंतर्गत प्रोत्साहित कर निर्माण में तेजी लाएंगे।

## भारत को वैश्विक रेलवे मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करेंगे

हम रेलवे के क्षेत्र में मैन्युफैक्चरिंग, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देकर भारत को एक अग्रणी वैश्विक रेलवे मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करेंगे।

## भारत को वैश्विक एविएशन मैन्युफैक्चरिंग एवं एमआरओ (MRO) हब बनाएंगे

- हम भारत में व्यावसायिक विमान मैन्युफैक्चरिंग का इकोसिस्टम स्थापित करेंगे। इसके लिए हम एक एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग नीति बनाएंगे और एक स्वदेशी यात्री विमान बनाने का भी प्रयास करेंगे।
- हम रख-रखाव, रिपेयर्स और ओवरहॉल (MRO) से जुड़े संस्थानों को मेक इन इंडिया के अंतर्गत सहायता प्रदान कर प्रोत्साहित करेंगे।

## जहाज निर्माण को बढ़ावा देंगे

हम मेक इन इंडिया के अंतर्गत जहाज निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान, डिजाइनिंग और परीक्षण की सुविधाएं स्थापित करेंगे।

## 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेंगे

- हम दवा निर्माण क्षेत्र, विशेषकर एपीआई (API) की मैन्युफैक्चरिंग और अनुसंधान को बढ़ावा देकर 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में भारत की स्थिति को मजबूती देंगे।
- हम रिसर्च-लिंक्ड इंसेंटिव योजना का विस्तार करके कंपनियों को अनुसंधान करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## 2030 तक भारत को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करेंगे

- हमने पिछले 10 वर्षों में $100+ बिलियन का इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग उद्योग स्थापित किया है। हम वर्तमान में विश्व के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल फोन निर्माता बन चुके हैं। हमारी नीतियों के कारण इस क्षेत्र में रोजगार के बड़े अवसर पैदा हुए हैं।
- हम ग्लोबल वैल्यू चेन में एक प्रमुख प्रतिभागी बनने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग का तीन गुना विस्तार करेंगे। हम स्वदेशी ब्रांड विकसित करने के लिए अपनी डिजाइन क्षमताओं का उपयोग करेंगे। हम अपने कम्पोनेंट इकोसिस्टम को भी मजबूती देंगे।

## भारत में सेमीकंडक्टर और चिप मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा

इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में हमारी सफलता को आगे बढ़ाते हुए हम सेमीकंडक्टर डिजाइन और चिप मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देंगे। साथ ही हम सेमीकंडक्टर डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से एक ग्लोबल लीडर बनेंगे।

## भारत को ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) मैन्युफैक्चरिंग में ग्लोबल लीडर बनाएंगे

भारत एक प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माता है। हम ऑटोमोबाइल उद्योग, विशेषतः इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माण को प्रोत्साहन देंगे। हम देश भर में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े निवेश करके इलेक्ट्रिक व्हीकल को प्रोत्साहित करेंगे।

## खनिज उद्योग का विकास करेंगे

हम धरती में मौजूद दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मिनरल्स) की खोज को प्रोत्साहन देंगे। हम इन खनिजों के भंडार वाले देशों के साथ साझेदारी करके अपनी सप्लाई चेन को सुरक्षित करेंगे। हम खनिजों पर आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देंगे।

## भारत के कपड़ा उद्योग का विस्तार करेंगे

- भारत कपड़ा उद्योग के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। हम इस उद्योग की असीमित रोजगार क्षमता को प्रोत्साहन देते हुए पिछले दस वर्षों में किए गए प्रयासों में और तेजी लाकर कपड़ा उद्योग का विकास करेंगे।
- हम पीएम मित्र पार्कों को सफलतापूर्वक प्रारम्भ करेंगे। नए उत्पादों के अनुसंधान और विकास में निवेश करेंगे, नियमों को सरल बनाएंगे, कपड़ा उद्योग के इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश करेंगे और रोजगार पर केंद्रित विशेष कौशल कार्यक्रम शुरु करेंगे।
- हम अपने स्वदेशी उद्योगों और डिजाइनों को वैश्विक मंच पर लेकर जाने के लिए पारंपरिक कपड़ा उद्योगों में निवेश करेंगे।

## कृत्रिम हीरा उद्योग को बढ़ावा

हम कृत्रिम हीरा उद्योग को बढ़ावा देंगे और नई तकनीकों को अपनाकर भारत को कृत्रिम हीरों का सबसे बड़ा उत्पादक बनाएंगे।

## बायो-मैन्युफैक्चरिंग हब स्थापित करेंगे

हम बायो-मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देकर रोजगार के नए अवसर उलब्ध कराएंगे।





# विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की मोदी की गारंटी

**हमने फिजिकल, डिजिटल एवं सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में पिछले दस वर्षों में "क्वालिटी, क्वान्टिटी और रीच" के मानकों में अभूतपूर्व बदलाव किया है। हमारे प्रयासों का लाभ देश के प्रत्येक क्षेत्र में हुआ है। हम इन प्रयासों को जारी रखेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक नागरिक अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सके।**

## रेल यात्रा में नागरिकों को सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करेंगे

### नई रेलवे पटरियों का निर्माण करेंगे

हम यात्री और मालवाहक (कार्गो) परिवहन की क्षमता बढ़ाने के लिए रेलवे नेटवर्क का विस्तार करेंगे। हमने पिछले दस वर्षों में 31,000 किमी रेलवे पटरियों का निर्माण किया है। हम अगले कुछ वर्षों तक हर साल 5,000 किमी नई पटरियां जोड़ेंगे।

### टिकट की उपलब्धता बढ़ाएंगे

हम अधिक पटरियों, अधिक ट्रेनों और बेहतर कार्यप्रणाली द्वारा रेलवे से यात्रा करने की क्षमता का अभूतपूर्व विस्तार करेंगे। इससे टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्रतिबद्धता है।

### कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार करेंगे

हमने स्वदेशी स्वचलित रेल सुरक्षा प्रणाली (ऑटोमेटिक ट्रैन प्रोटेक्शन सिस्टम) कवच विकसित किया है और तेजी से इसका उपयोग बढ़ा रहे हैं। हमने जिस प्रकार रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण किया, अगले कुछ वर्षों में हम मिशन मोड में कवच सिस्टम का भी विस्तार करेंगे।

## विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण करेंगे

हम 1,300+ रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय मानकों पर पुनर्विकास कर रहे हैं। हम इस परियोजना का विस्तार अन्य सभी बड़े और मध्यम आकार के स्टेशनों तक करेंगे।

## आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार करेंगे

हमने विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। हम इन ट्रेनों के नेटवर्क का और विस्तार करेंगे।

## वंदे स्लीपर ट्रेन

हम आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे स्लीपर ट्रेन आरंभ करेंगे।

## क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए ट्रेनों का विस्तार करेंगे

हमने दिल्ली और मेरठ के बीच आरआरटीएस के पहले चरण का शुभारंभ किया है। हम इन सेवाओं का और विस्तार करेंगे और मजबूत कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए अन्य शहरों में भी इस प्रकार की ट्रेनों का विस्तार करेंगे।

## मेट्रो नेटवर्क का विस्तार करेंगे

हमने पिछले 10 वर्षों में 20+ शहरों में मेट्रो शुरु की है। हम अन्य प्रमुख शहरों में मेट्रो के नेटवर्क का विस्तार करेंगे।

## बुलेट ट्रेन का विस्तार करेंगे


हम पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित कर रहे हैं। हम इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण और पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी स्टडी करेंगे।

## सुपर ऐप लॉन्च करेंगे

हम नागरिकों को ट्रेनों से संबंधित सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए सुपर ऐप लॉन्च करेंगे।

## भारत गौरव रेल सेवा का विस्तार

भारत की समृद्ध विरासत के अनुभव के लिए हमने भारत गौरव रेल सेवा आरंभ की है। हम इसका विस्तार देश के सभी प्रमुख आस्था एवं सांस्कृतिक केंद्रों तक करेंगे।



### पीएम ग्राम सड़क योजना का विस्तार करेंगे

हम पीएम ग्राम सड़क योजना का और विस्तार दूरदराज के गांवों तक करके बेहतर कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सरकारी सेवाएं और बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित करेंगे।

### सड़क सुरक्षा को और बढ़ाएंगे

भारत की सड़कों को और सुरक्षित बनाने के लिए तकनीकी उपाय, नियमों का दृढ़ता से पालन, प्रशिक्षण तथा व्यवहार परिवर्तन के प्रयासों को और मजबूत करेंगे।

### एक्सप्रेसवे एवं रिंग रोड के नेटवर्क का विस्तार करेंगे

हम 15,000 किमी एक्सेस-कंट्रोल्ड हाइवे बनाएंगे। साथ ही, हम प्रमुख शहरों में रिंग रोड का निर्माण करके, इन्हें भीड़भाड़ मुक्त एवं गतिशील बनाएंगे।

### इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देंगे

पिछले 10 वर्षों में हमारे प्रयासों से आज भारत की सड़कों पर 30 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक व्हीकल मौजूद है। हम इलेक्ट्रिक व्हीकल के नेटवर्क का और विस्तार करेंगे एवं और चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित करेंगे।



## विश्व स्तरीय एविएशन

### हवाई कनेक्टिविटी को कई गुना बढ़ाएंगे

हम नए हवाई अड्डों, हेलीपैड और एयरोड्रोम के विकास और संचालन करके हवाई कनेक्टिविटी को कई गुना बढ़ाएंगे।

### हवाई अड्डा का आधुनिकीकरण करेंगे

हम पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के अंतर्गत हवाई अड्डों को मल्टी-मॉडल हब के रूप में परिवर्तित करके, इसे बसों, मेट्रो और रैपिड रेल जैसी सुविधाओं के साथ जोड़ेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का विस्तार करेंगे

हम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों की संख्या में विस्तार करेंगे।

### हवाई अड्डे के युगानुकूल बदलाव के लिए एक मास्टर प्लान विकसित करेंगे

हम हवाई अड्डों को क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय हब के रूप में विकसित करने के लिए अमृत काल सिविल एविएशन मास्टर प्लान लॉन्च करेंगे, जो भारत को दक्षिण एशिया में एक अग्रणी एविएशन इकोसिस्टम के रूप में स्थापित करेगा।

## नौपरिवहन एवं जलमार्ग होंगे सुदृढ़

### इनलैंड वॉटरवेज की क्षमता बढ़ाएंगे

हम नेशनल वाटर-वे प्रोजेक्ट, नमामि गंगे, नेशनल रिवर कंजर्वेशन प्लान, जल विकास मार्ग प्रोजेक्ट और अर्थ गंगा जैसी पहलों को जोड़कर इनलैंड वाटर ट्रांसपोर्ट की हिस्सेदारी को बढ़ाएंगे।

### जल मेट्रो का विस्तार करेंगे

हम सभी संभावित क्षेत्रों में जल मेट्रो सेवाओं का विस्तार करके जल-आधारित सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को बढ़ाएंगे और कनेक्टिविटी में सुधार लाएंगे।

### घरेलू शिपिंग उद्योग का निर्माण करेंगे

हम भारतीय शिपिंग उद्योग को विश्व स्तरीय बनाने के लिए कानूनों में परिवर्तन करेंगे।

## डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर

### 6G द्वारा डिजिटल क्रांति लाएंगे

हम 5G नेटवर्क का विस्तार करेंगे और 6G टेक्नोलॉजी को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### भारत नेट (Bharat Net) का विस्तार करेंगे

हमने भारत नेट के तहत 2 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड से जोड़ा है। अब हम प्रत्येक ग्राम पंचायत को ब्रॉडबैंड से जोड़कर हाई-स्पीड इंटरनेट उपलब्ध कराएंगे।

### लैंड रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन

हमने पीएम स्वामित्व योजना द्वारा भूमि-स्वामियों के मालिकाना हक को स्थापित किया है। इस योजना के माध्यम से हम लैंड रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देकर रेवेन्यू कोर्ट और रजिस्ट्रेशन ऑफिस जैसे विभिन्न संस्थानों के साथ जोड़ेंगे।

## ऊर्जा सुरक्षा

### 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर

हम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, चार्जिंग स्टेशन के नेटवर्क, रिन्यूएबल एनर्जी एवं एनर्जी एफिशिएंसी के माध्यम से 2047 तक ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करेंगे और पेट्रोल आयात को कम करेंगे।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

हम पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से घरों में चलने वाले उपकरण जैसे पंखा, एसी, टीवी, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग और क्लीन कुकिंग इत्यादि को चलाने के लिए सौर ऊर्जा उपलब्ध कराएंगे।

## परमाणु ऊर्जा का विस्तार

हम परमाणु ऊर्जा के विस्तार के लिए स्माल मॉड्यूलर रिएक्टरों (एसएमआर) के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेंगे और परमाणु ऊर्जा उत्पादन बढ़ाएंगे, जिससे भारत का 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल हो सके।

## पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण बढ़ाएंगे

हमने एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम के अंतर्गत रिकॉर्ड एथेनॉल मिश्रण हासिल किया है। हम पर्यावरण को बचाने के साथ-साथ किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान करने के लिए पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को और बढ़ाएंगे।

## रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन बढ़ाएंगे

हम मेगा सोलर पार्क, विंड पार्क और ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर परियोजना के माध्यम से 500 GW एनर्जी उत्पादन का लक्ष्य रखकर हमारी रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता बढ़ाएंगे।

## बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करेंगे

हम प्राइवेट सेक्टर को बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) के इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगे, जिससे सभी को भविष्य में सतत ऊर्जा सुनिश्चित हो सकेगी।

## ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की क्षमता को बढ़ाएंगे

हम भारत को ग्रीन हाइड्रोजन की तकनीकी और उत्पादन क्षमता में विश्व का अग्रणी देश बनाएंगे।

## राष्ट्रव्यापी स्मार्ट ग्रिड स्थापित करेंगे

कुशल ऊर्जा प्रबंधन के लिए स्मार्ट मीटर और कंट्रोल सेंटर सहित उन्नत टेक्नोलॉजी से इंटीग्रेटेड राष्ट्रव्यापी स्मार्ट ग्रिड स्थापित करेंगे।

## भारत बनेगा रिन्यूएबल एनर्जी का ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब

हम क्लीन एनर्जी तकनीकी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करके भारत को विंड, सोलर एवं ग्रीन हाइड्रोजन में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाएंगे।






# ईज ऑफ लिविंग की मोदी की गारंटी

**हमारा लक्ष्य सभी शहरों में विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना और पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली को बढ़ावा देना है।**

### कम कीमत में अच्छे आवास

हमने रेरा (RERA) अधिनियम को मजबूती देकर भारत के रियल एस्टेट को पारदर्शी और नागरिक अनुकूल बनाया है। हम हर मध्यम-वर्गीय परिवार को घर प्रदान करने के लिए निर्माण एवं पंजीकरण की लागत में कमी, नक्शों का आसान अप्रूवल और नियमों में सुधार का प्रयास जारी रखेंगे।

### सैटेलाइट टाउनशिप का निर्माण

हम बड़े शहरों के आसपास सैटेलाइट टाउनशिप के निर्माण को प्रोत्साहित करेंगे। इन टाउनशिप में मिक्सड यूज डेवलपमेंट और ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट को बढ़ावा देंगे।

### पाइपलाइन गैस कनेक्शन प्रदान करेंगे

हमने देश भर में लगभग 1.1 करोड़ परिवारों को पाइप गैस कनेक्शन प्रदान किए हैं। हम आगे भी रसोई गैस कनेक्शन देकर सभी को सुविधाजनक और सुरक्षित ईंधन प्रदान करते रहेंगे।

### परिवहन सेवाओं में आसानी

हम एकीकृत महानगर परिवहन प्रणाली बनाएंगे जो मल्टी-मॉडल परिवहन सुविधाओं को जोड़कर शहरों में आवागमन को सरल करेगी। हम यातायात प्रबंधन और परिवहन के सुगम संचालन के लिए एआई का भी उपयोग करेंगे।

### पीएम-ईबस (PM-eBus) का विस्तार करेंगे

हम नागरिकों को किफायती और सुरक्षित परिवहन प्रदान करने के लिए पीएम-ईबस सेवा का विस्तार करेंगे।

### शहरों में पेयजल की व्यवस्था

हम शहरों में पेयजल की व्यवस्था के लिए वेस्ट-वाटर ट्रीटमेंट, एक्वीफर रिचार्ज और स्मार्ट मीटर जैसे कई उपायों का विस्तार करेंगे।

### प्रशासन में नागरिकों की भागीदारी

हम शहरों के प्रशासन में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाएंगे और सबकी साझेदारी से बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करेंगे।

### पर्यावरण अनुकूल शहर

हम शहरों को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए ग्रीन स्पेस विकसित करेंगे। साथ ही, हम जल निकायों को पुनर्जीवित और प्राकृतिक स्थलों को विकसित करेंगे।

### कचरे के पहाड़ों से शहरों को मुक्ति

हम 'वेस्ट टू वेल्थ मिशन' के माध्यम से कचरे के प्रबंधन के लिए खुले लैंडफिल खत्म करने की दिशा में काम करेंगे।

### शहरी भूमि रिकॉर्ड प्रणाली

हम डिजिटल शहरी भूमि रिकॉर्ड प्रणाली विकसित करेंगे।

### मॉडर्न रेगुलेटरी फ्रेमवर्क का प्रोत्साहन

हम राज्य सरकारों और शहरों के साथ साझेदारी से प्रौद्योगिकी का उपयोग करके कानून, उपनियम और शहरी नियोजन प्रक्रियाओं के आधुनिकीकरण के लिए उन्हें प्रोत्साहित करेंगे।

### ग्लोबल कॉन्फ्रेंस और एक्जीबिशन

हम भारत के शहरों में बड़े कन्वेंशन सेंटरों का विकास कर भारत को ग्लोबल कॉन्फ्रेंस एवं एग्जीबिशन का डेस्टिनेशन बनाएंगे।

### उच्च शिक्षा संस्थानों में शहरों पर पाठ्यक्रम

शहरों के व्यवस्थित विकास के लिए शहरी अर्थव्यवस्था, शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर, शहरी पर्यावरण संरक्षण, शहर में जल प्रबंधन, यातायात इत्यादि की शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम तैयार किए जाएंगे।





# विरासत भी विकास भी मोदी की गारंटी

**हमारा 'विरासत भी और विकास भी' का दृष्टिकोण एक ऐसे भविष्य को आकार देगा, जिसमें हमारी परंपराएं दुनिया भर के लोगों को प्रेरित और एकजुट करेंगी।**

### हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का विकास करेंगे

हम काशी विश्वनाथ कॉरिडोर से प्रेरित होकर धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए नई परियोजनाएं शुरू करेंगे।

### अयोध्या का सर्वांगीण विकास

अयोध्या में विश्व भर से करोड़ों श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन करने आ रहे हैं। हम अयोध्या नगरी का सर्वांगीण विकास करेंगे।

### भारतीय पांडुलिपियों का संरक्षण और अध्ययन करेंगे

हम मिशन मोड में सभी भारतीय पांडुलिपियों और पुरालेखों का डिजिटलीकरण करना जारी रखेंगे। हम प्राचीन भारतीय पांडुलिपियों और अभिलेखों पर शोध के लिए एक समर्पित छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू करेंगे।

### भारतीय संस्कृति कोष की स्थापना करेंगे

हम प्राचीन भारतीय सभ्यता, शास्त्रीय भाषाओं, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए एक फंड स्थापित करेंगे।

### युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय के निर्माण में तेजी लाएंगे

हम युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय के निर्माण में तेजी लाएंगे, जिसमें सदियों का भारतीय इतिहास प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही, हम इसे विश्व प्रसिद्ध संग्रहालयों में से एक बनाने की दिशा में काम करेंगे।

### सांस्कृतिक आईपी (IP) के संरक्षण के लिए कानूनी मानक विकसित करेंगे

हम सांस्कृतिक आईपी के संरक्षण के लिए कानूनी मानक विकसित करने के लिए विपो (WIPO) और यूनेस्को (UNESCO) जैसे संगठनों के साथ सहयोग करेंगे।

### भारतीय साहित्यिक रचनाओं का विदेशी भाषाओं में अनुवाद करेंगे

हम प्राचीन भारतीय साहित्यिक रचनाओं के विदेशी भाषाओं में अनुवाद और रूपांतरण को प्रोत्साहन देंगे।

### भारतीय ज्ञान परंपराओं पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन करेंगे

हम भारतीय ज्ञान परंपराओं पर एक त्रिवार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेंगे।

### एएसआई (ASI) स्मारकों का विकास करेंगे

हम 21वीं सदी के लिए हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को तैयार करने के उद्देश्य से एएसआई (ASI) स्मारकों का जीर्णोद्वार और संरक्षण करेंगे।

### स्वदेश दर्शन प्रोग्राम को मजबूती देंगे


हमने पर्यटन स्थलों के व्यापक विकास के लिए स्वदेश दर्शन कार्यक्रम शुरु किया है। हम इस कार्यक्रम को मजबूती देने के लिए राज्य सरकारों के साथ काम करेंगे। हम महत्वपूर्ण संतों और दार्शनिकों की जीवन यात्राओं को शामिल करेंगे।

### पर्यटन के लिए थीमेटिक सर्किट का विकास

- सीमावर्ती गांवों की जीवन शैली और संस्कृति का अनुभव
- भारत भर में फैले प्राकृतिक सौंदर्य वाले क्षेत्रों में ईको-टूरिज्म
- भारत की सभी प्रमुख नदियों में नदी पर्यटन
- लक्षद्वीप एवं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में द्वीप पर्यटन केंद्र
- नॉर्थ-ईस्ट भारत और अन्य पहाड़ी राज्यों में एडवेंचर पर्यटन

### 'वेड इन इंडिया' का प्रोत्साहन करेंगे

हम भारत की सामाजिक सांस्कृतिक परंपराओं के अनुभव को प्रोत्साहन देने के लिए "वेड इन इंडिया" को बढ़ावा देंगे।





# सुशासन की
# मोदी की गारंटी

"Perform, Reform and Transform" हमारा सुशासन का मूल मंत्र है। हमने पिछले दशक में अपनी नीतियों, तकनीकी के उपयोग और सरल प्रक्रियाओं के माध्यम से देश में सुशासन के नए आयाम कायम किए हैं। हम नागरिक और सरकार के बीच संबंध को निरंतर बेहतर बनाने के लिए संस्थागत सुधार करते रहेंगे और तकनीकी के सही उपयोग से सभी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

## संस्थागत सुधार

### भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम

पिछली सरकारों की अपेक्षा, हमने नागरिकों को पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रदान किया है। हम भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनों का प्रौद्योगिकी के माध्यम से सख्ती से पालन करेंगे।

### समान नागरिक संहिता लागू करेंगे

भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता। भाजपा सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उन परम्पराओं को आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाए।

### पंचायती राज संस्था

हम पंचायती राज संस्थानों की राजकोषीय स्वायत्तता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए और कदम उठाएंगे।

### नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी तैयार करेंगे

हम नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी विकसित करके अदालती कार्यवाही में तेजी लाएंगे, अदालतों से जुड़ी लागत को कम करेंगे और सरकार से जुड़े मुकदमों में कमी लाएंगे।

### सिविल प्रक्रियाओं में सुधार लाएंगे

हम भारतीय न्याय संहिता की तर्ज पर कमर्शियल और सिविल न्यायिक प्रणालियों में बदलाव लाएंगे। इसका उद्देश्य कानूनी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना, उनकी दक्षता बढ़ाना और समय पर न्याय सुनिश्चित करना होगा।

### सार्वजनिक सेवाओं की उपलब्धता में सुधार

हम सीएससी (CSC) एवं पोस्ट ऑफिस के माध्यम से एवं डिजिटल टेक्नोलॉजी का उपयोग करके सार्वजनिक सेवाओं की डिलीवरी में सुधार करेंगे। हम भाषिनी का उपयोग करके भारतीय भाषाओं में सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। हम MyGov जैसे प्लेटफॉर्म की मदद से नीति-निर्माण में जनभागीदारी को बढ़ाएंगे।

### सांख्यिकी संस्थानों का विकास

समाज के अनुकूल नीतियां बनाने में सही आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए हम हर स्तर पर सही आंकड़ों का संग्रह करने और उचित निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए सांख्यिकी संस्थानों को मजबूत बनाएंगे।

## चुनावी प्रक्रिया में सुधार

### वन नेशन, वन इलेक्शन का कार्यान्वयन करेंगे

हमने वन इलेक्शन से संबंधित मुद्दों की परीक्षण के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है। अब, हम उनकी सिफारिशों के सफल कार्यान्वयन की दिशा में काम करेंगे।

### कॉमन इलेक्टोरल रोल का प्रावधान करेंगे

हम सभी स्तर के चुनावों के लिए कॉमन इलेक्टोरल रोल का प्रावधान करेंगे।

## कर्मचारी एवं पुलिसकर्मी कल्याण

### सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों की कैपेसिटी बिल्डिंग करेंगे

हम कुशल और समावेशी शासन बनाने के उद्देश्य से कर्मयोगी योजना का विस्तार करके कर्मचारियों को सक्षम और टेक-सैव्वी बनाएंगे।

### पुलिस बल का आधुनिकीकरण करेंगे

हम पुलिस मॉडर्नाइजेशन स्कीम के माध्यम से पुलिस को टेक-सैव्वी, टेक-ट्रेन्ड एवं टेक से सुसज्जित बल में परिवर्तित करने के लिए राज्य सरकारों का सहयोग करेंगे।

### मिशन मोड पर ई-कोर्ट स्थापित करेंगे

हम संपूर्ण अदालती रिकॉर्ड का डिजिटलाइजेशन मिशन मोड में करेंगे एवं अदालती कार्यवाही की सरल पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ई-कोर्ट प्रोजेक्ट में तेजी लाएंगे।

### लंबित मामलों के समाधान में तेजी लाएं

हम लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए विशेष कोर्ट स्थापित करेंगे।

### विवादों के समाधान की व्यवस्था

हम कोर्ट से बाहर विवादों के समाधान के लिए तकनीकी और कानूनी प्रावधानों को और मजबूत करेंगे, जिससे नागरिकों का जीवन सरल हो सके।






# स्वस्थ भारत की मोदी की गारंटी

**हमने पिछले दस वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुधार के लिए कई सफल कदम उठाए हैं। हमने संतुलित जीवन के लिए योग, फिटनेस, साफ हवा, स्वच्छ जल, पोषक आहार को प्रोत्साहन दिया। महामारी से बचने के लिए वैक्सीन का निर्माण किया। पारंपरिक चिकित्सा को आगे बढ़ाने के लिए आयुष मंत्रालय बनाया। चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने के लिए नए मेडिकल कॉलेज खोले हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा जन-जन तक चिकित्सा पहुंचाई हैं। आयुष्मान भारत द्वारा 5 लाख रुपये तक मुफ्त चिकित्सा पहुंचाई, और हर क्षेत्र में तकनीक का भरपूर उपयोग किया हैं। स्वस्थ भारत के लिए इन प्रयासों को और भी बढ़ाने की मोदी की गारंटी है।**

### एम्स (AIIMS) के नेटवर्क को मजबूत बनाएंगे

हमने पिछले दशक में 15 एम्स स्थापित किए हैं जिसके माध्यम से हर वर्ग को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हुई हैं। हम पूरे देश को अच्छी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाने के लिए एम्स के नेटवर्क को और मजबूत करेंगे।

### मेडिकल शिक्षा में सीटें बढ़ाएंगे

हम नए एम्स और विभिन्न नए जिला-स्तरीय मेडिकल कॉलेजों के माध्यम से यूजी (UG) एवं पीजी (PG) मेडिकल शिक्षा में सीटें बढ़ाएंगे।

### पीएम-ABHIM का विस्तार करेंगे

हम पीएम-आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत माध्यमिक और प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थानों का उन्नयन कर रहे हैं। हम इसका विस्तार करके सुदृढ़ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेंगे।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का विस्तार करेंगे

हम व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को अधिक सुदृढ़ करेंगे। जिला अस्पतालों एवं सेकेंडरी स्वास्थ्य संस्थानों में व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे।

## जन औषधि केंद्रों का विस्तार करेंगे

हम जन औषधि केंद्रों का विस्तार करके सभी नागरिकों को अच्छी दवाइयां कम दामों पर उपलब्ध करवाएंगे।

## इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर मिशन शुरू करेंगे

हम सभी ट्रॉमा रोगियों की तत्काल और प्रभावी देखभाल के लिए इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर मिशन शुरू करेंगे।

## रोग उन्मूलन के सभी कार्यक्रमों को मजबूती देंगे

हम समय पर परीक्षण और दवाएं प्रदान करके टीबी, लेप्रोसी, लिम्फेटिक फाइलेरियासिस, मीसल्स और रुबेला, ट्रेकोमा और काला अजार के उन्मूलन के सभी मौजूदा प्रयासों में तेजी लाएंगे।

## वैक्सीन अनुसंधान और उत्पादन में तेजी लाएंगे

हम अनुसंधान और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय वैक्सीन निर्माताओं और बायो फार्मा कंपनियों को प्रोत्साहन और समर्थन देंगे।

## स्वास्थ्य सेवाओं में प्रशिक्षण की व्यवस्था

हम पैरामेडिक्स, तकनीशियनों, फार्मासिस्ट और नर्सों को प्रशिक्षित करने के सभी मौजूदा कार्यक्रमों को मजबूती देंगे।

## मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाएंगे

वर्तमान में मानसिक स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में उभरा है। हम योग और ध्यान सहित अपने पारंपरिक उपायों को सुदृढ़ करेंगे, साथ ही मानस और मनोदर्पण जैसी मेंटल हेल्थ सेवाओं का विस्तार भी करेंगे।






# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मोदी की गारंटी

**हमने एनईपी (NEP) 2020 में एक आधुनिक, यूनिवर्सल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना की है। हम एक आधुनिक पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को भविष्य के अनुकूल शिक्षा प्रदान करेंगे। हम सभी को अपनी मातृभाषा में अध्ययन एवं अध्यापन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करेंगे। हम शिक्षा के सभी आयाम - प्रशिक्षण, इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी, इंटर्नशिप - पर ध्यान केंद्रित करके हर छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था करेंगे।**

## उच्च शिक्षा के नए संस्थान स्थापित करेंगे

हमने पिछले दशक में 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स, 315 मेडिकल कॉलेज और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए हैं। हम इन संस्थानों को मजबूती देने और उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम फंडिंग, क्षमता निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन और अनुसंधान अनुदान के माध्यम से मौजूदा संस्थानों का उन्नयन जारी रखेंगे।

## टेक्नोलॉजी के माध्यम से सुलभ शिक्षा सुनिश्चित करेंगे

- हम पीएम ई-विद्या के अंतर्गत स्वयं (SWAYAM), स्वयं प्रभा (SWAYAM PRABHA) और दीक्षा (DIKSHA) जैसी तकनीक आधारित शिक्षा सुविधाओं का विस्तार करेंगे।
- हमारी डिजिटल पहलों की सफलता को देखते हुए हम डिजिटल विश्वविद्यालय स्थापित करके निःशुल्क पाठ्यक्रमों के साथ कौशल उन्नयन के अवसर प्रदान करेंगे।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करेंगे

हम प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर सुनिश्चित करेंगे। हम इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए एनईपी के अनुसार पीएम श्री, एकलव्य और अन्य स्कूलों के नेटवर्क को विश्व स्तरीय बनाएंगे। हम प्री-स्कूल से माध्यमिक स्तर तक हर बच्चे को स्कूल में ले जाने का प्रयास करेंगे।

## भविष्य के योग्य होंगे युवा

हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए एनईपी 2020 के अनुसार डायनामिक पाठ्यक्रम तैयार करेंगे और उन्हें उच्च शिक्षा में उभरती तकनीकों में कौशल प्रदान करेंगे।

## वन नेशन-वन स्टूडेंट आईडी (ID) लागू करेंगे

हम पूर्व प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक के छात्रों के एकेडेमिक क्वालिफिकेशन, क्रेडिट स्कोर और प्रमाणपत्रों को संग्रहीत करने के लिए ऑटोमेटेड परमानेंट ऐकडेमिक अकाउंट रजिस्ट्री (APAAR) के माध्यम से 'वन नेशन-वन स्टूडेंट ID' का 100% कार्यान्वियन करेंगे।

## युवाओं को कौशल प्रशिक्षण

हमने पिछले दस वर्षों में एक मजबूत कौशल विकास इकोसिस्टम विकसित किया है। हम नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप इसे और बढ़ाएंगे, साथ ही अपनी शिक्षा प्रणाली के साथ एकीकृत करेंगे। हम रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाले अवसरों का विस्तार करने के लिए उद्योगों के साथ काम करते रहेंगे।।





# खेल के विकास की मोदी की गारंटी

**हमारा लक्ष्य भारत को खेल के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए खेल इकोसिस्टम को मजबूती देना है।**

### ओलंपिक मेजबानी

हम 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए आईओए (IOA) को समर्थन देंगे और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए स्टेडियम के साथ अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र एवं इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे।

### सेवानिवृत्त खिलाड़ियों के लिए व्यापक योजना

हम सेवानिवृत्त खिलाड़ियों के लिए एक नया कार्यक्रम शुरू करके उन्हें शैक्षिक, रोजगार और पदोन्नति के उपयुक्त अवसर प्रदान करेंगे।

### खेलो इंडिया के अंतर्गत पारंपरिक खेलों को शामिल करना

हम खेलो इंडिया योजना में भारत के पारंपरिक खेलों को शामिल करेंगे।



### खेल के उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग

हम आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए भारत में खेल के उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करेंगे।

### खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर सुलभ बनाएंगे

हम भविष्य के एथलीटों को तैयार करने के लिए खेलो इंडिया योजना का विस्तार करते रहेंगे।

### स्पोर्ट्स स्टार्टअप

हम खेलों के क्षेत्र में स्टार्टअप्स को बढ़ावा देंगे और खेल में तकनीकी इकोसिस्टम का निर्माण करने में मदद करेंगे।





# सभी क्षेत्रों के समग्र विकास की मोदी की गारंटी

**क्षेत्रीय विकास के लिए हमारा दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करना है कि भारत का हर हिस्सा समान रुप से प्रगति करे एवं विकास और नवाचार को बढ़ावा मिले।**

### नॉर्थ-ईस्ट को शांतिपूर्ण बनाए रखेंगे

हम नॉर्थ-ईस्ट में शांति स्थापित करने और अफस्पा (AFSPA) को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए अपने प्रभावी प्रयासों को जारी रखेंगे। हम नॉर्थ-ईस्ट राज्यों के बीच शांति और विकास को बढ़ावा देते हुए, अंतरराज्यीय बॉर्डर विवादों को हल करने के निरंतर प्रयास जारी रखेंगे।

### नार्थ-ईस्ट को एक्ट ईस्ट पॉलिसी का एक अहम भागीदार बनाएंगे

हम कनेक्टिविटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक विकास और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नॉर्थ-ईस्ट को भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के अहम भागीदार के रुप में विकसित करेंगे।

### नार्थ-ईस्ट में बाढ़ों का प्रबंधन करने के लिए सरोवर निर्माण

हम नॉर्थ-ईस्ट में बाढ़ प्रबंधन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सैटेलाइट इमेजरी का प्रयोग करके वहां बड़े सरोवर निर्मित किए जाएंगे, जो भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार अतिरिक्त जल को संग्रहित करने के लिए उपयुक्त होंगे, जिसका उपयोग सिंचाई, जल खेलों आदि के लिए किया जाएगा।

### पूर्वोदय के लिए मास्टर प्लान तैयार करना

हम पूर्वी भारत के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक समर्पित पूर्वोदय मास्टर प्लान तैयार करेंगे।

## द्वीपों का विकास

हम अपने द्वीपों को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेंगे, जिसके लिए हम विश्व-स्तरीय बुनियादी सुविधाओं का विकास करेंगे। हम भारत और पूरी दुनिया से पर्यटकों को आकर्षित करेंगे, जिसमें हम स्थानीय संस्कृति को सुरक्षित रखते हुए पर्यटन को प्रोत्साहित करेंगे।

## पहाड़ी क्षेत्रों का विकास


भारत के पहाड़ी क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए स्थानीय भौगोलिक, सांस्कृतिक और पारम्परिक व्यवसायों को ध्यान में रखते हुए हम इन क्षेत्रों के लिए विशेष मास्टर प्लान बनाने के लिए राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों का सहयोग करेंगे।

## तटीय क्षेत्रों का विकास

भारत के विस्तृत तटीय क्षेत्रों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तटीय क्षेत्रों के विकास के लिए मास्टर प्लान बनाए जाएंगे। राज्य सरकारों और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर इन क्षेत्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं मिलें हम इसके लिए प्रयास करेंगे।

## हिमालयी नदियों से आई बाढ़ से मुकाबला

हम हिमालयी नदियों का उचित जल प्रबंधन करने के लिए पड़ोसी देशों के साथ साझेदारी करेंगे। हमारा ध्यान बाढ़ के विनाशकारी प्रभावों को कम करने के समग्र उपायों और सस्ती बिजली पैदा करने के लिए जलविद्युत ऊर्जा का उपयोग करने पर होगा।






# तकनीक एवं नवाचार के लिए मोदी की गारंटी

**हमारा लक्ष्य भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अत्याधुनिक अनुसंधान का केंद्र बनाकर तकनीकी-नवाचार में अग्रणी बनाना है।**

## भारत को अग्रणी अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित करेंगे

- हम भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान लॉन्च करेंगे और एस्ट्रोनॉट चंद्रमा पर उतारेंगे।
- हम भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (BAS) और भारत का दूसरा लॉन्च कॉम्प्लेक्स स्थापित करेंगे।
- हम अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम भारत को एक अग्रणी अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित करेंगे और ग्लोबल साउथ के देशों को अंतरिक्ष एवं अंतरिक्ष-टेक सेवाओं का उपयोग करने में सहायता देंगे।
- हम इसरो (ISRO) और आईआईएसटी (IIST) के नेतृत्व में छात्रों के लिए फेलोशिप कार्यक्रमों के साथ एक वैश्विक अंतरिक्ष अकादमी शुरु करेंगे। हम एक स्पेस फोरम भी स्थापित करेंगे, जो भारत को एक अग्रणी अंतरिक्ष शक्ति के रूप में प्रदर्शित करेगा और ग्लोबल साउथ को अंतरिक्ष एवं अंतरिक्ष-टेक सेवाओं का उपयोग करने में सहायता देगा।

## अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन

हम देश भर में मजबूत अनुसंधान इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन को सुचारु रूप से कार्यान्वित करेंगे।

## अनुसंधान फंड

हम वैज्ञानिकी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए ऋण प्रदान करने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश से अनुसंधान फंड स्थापित करेंगे।

## वैश्विक नेतृत्व के लिए एआई (AI) को प्रोत्साहित करेंगे

हम इंडिया AI (IndiaAI) मिशन के तहत एक व्यापक इकोसिस्टम विकसित करेंगे, जिसमें आपसी सहयोग और साझेदारी के माध्यम से एआई नवाचार को आगे बढ़ाकर भारत की टेक-संप्रभुता को सुनिश्चित करेंगे।

## ग्राफीन मिशन

हम ग्राफीन-आधारित तकनीकों के उपयोग में अग्रणी बनने के लिए अपने कार्यक्रमों को मजबूत करेंगे।

## क्वांटम मिशन

हम भारत को क्वांटम तकनीक में अग्रणी बनाने के लिए नेशनल क्वांटम मिशन को आगे बढ़ाएंगे।

## भू-स्थलीय डाटा (जिओस्पेशल डाटा)

हम एक राष्ट्रीय भू-स्थलीय डाटा रजिस्ट्री और डाटा एक्सचेंज बनाकर उद्योगों और स्टार्टअप को सक्षम बनाएंगे।

## साइंस पार्क

हम विभिन्न शहरों में साइंस पार्क स्थापित करेंगे ताकि भारत के युवाओं में वैज्ञानिक खोज की भावना बनी रहे।

## राष्ट्रीय वायुमंडलीय मिशन (नेशनल एटमोस्फियरिक मिशन)

हम भारत को "हर मौसम के लिए तैयार" और "जलवायु स्मार्ट" बनाने के लिए राष्ट्रीय वायुमंडलीय मिशन शुरू करेंगे।





# पर्यावरण अनुकूल भारत
# मोदी की गारंटी

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई पर्यावरण के लिए जीवन शैली (मिशन LIFE) की अवधारणा को दुनिया ने स्वीकार किया है। इस मंत्र को साकार करने के लिए हमने पर्यावरण प्रबंधन के सभी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया है। हम पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम पारंपरिक ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक प्रथाओं का उपयोग करके एक स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

## नॉन फॉसिल ऊर्जा क्षमता बढ़ाएंगे

हमने पर्यावरण पर ध्यान देते हुए अपनी 44% बिजली उत्पादन क्षमता को नॉन फॉसिल स्त्रोतों से पूरा किया है। हम इस पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे और पंचामृत के अनुरूप नॉन फॉसिल ईंधन के स्त्रोतों की हिस्सेदारी को बढ़ाएंगे। हम 2070 तक नेट-जीरो एमिशन प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ते रहेंगे।

## भारतीय नदियों का संरक्षण और कायाकल्प करेंगे

- हम नमामि गंगे कार्यक्रम के आधार पर सभी प्रमुख नदियों की स्वच्छता का चरणबद्ध तरीके से सुधार करेंगे।
- आधुनिक टेक्नोलॉजी और पारंपरिक ज्ञान के माध्यम से हम चेक डैम निर्माण, अमृत सरोवर निर्माण और बेसिन प्रबंधन (मैनेजमेंट) को राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना में जोड़कर सभी प्रमुख नदियों के बेसिन संरक्षण और पुनर्जीवन में तेजी लाएंगे।
- हम व्यापक जल गुणवत्ता प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए दूषित पानी से आर्सेनिक, मर्क्युरी एवं अन्य औद्योगिक प्रदूषकों के उपचार के लिए राज्य सरकारों की मदद करेंगे।

## वायु गुणवत्ता में सुधार लाएंगे

हमने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य 131 शहरों में वायु प्रदूषण को कम करना है। इसके अलावा हम सुनिश्चित करेंगे कि देश के सभी क्षेत्रों में एनसीएपी के नेशनल एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड को प्रभावी ढंग से प्राप्त करें, जिसमें विशेष रूप से 2029 तक 60 शहरों पर हमारा ध्यान केंद्रित रहेगा।

## वनीकरण और कृषि वानिकी (एफॉरेस्टेशन और एग्रोफोरेस्ट्री) को बढ़ावा देंगे

- हम वृक्ष आवरण को बढ़ाकर कार्बन सिंक के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम हर क्षेत्र में जैव विविधता की रक्षा एवं संरक्षण करेंगे।

## हिमालय के वातावरण की रक्षा करेंगे

हिमालय की संवेदनशील प्रकृति को ध्यान में रखते हुए हम हिमालयी राज्यों में आपदा से बचाव का समग्र दृष्टिकोण अपनाएंगे।

## तटीय क्षेत्रों का संरक्षण

हम जलवायु परिवर्तन से होने वाले सभी संभावित खतरों से अपने तटीय क्षेत्रों का संरक्षण करेंगे।

## ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम का विस्तार करेंगे

हम पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम का विस्तार करेंगे।



### आपदा प्रतिरोधी इकोसिस्टम बनाएंगे

हम उचित नीतियों के माध्यम से आपदा प्रतिरोधी इकोसिस्टम बनाएंगे। हमारा लक्ष्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसानों को बेहद कम करना है।

### मानव-वन्यजीव संघर्ष

हम वन से जुड़े क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव संघर्ष को संवेदनशील तरीके से कम करने के लिए प्रदेश सरकारों और सभी हितधारकों के साथ काम करेंगे।

### नेशनल ई-वेस्ट मैनेजमेंट मिशन शुरू करेंगे

हम ई-वेस्ट के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए नए कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे।

### पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे

हम मिशन लाइफ (LIFE) के अंतर्गत सर्वोत्तम पारंपरिक और समकालीन प्रयासों की एक रिपॉजिटरी तैयार करेंगे, जिससे विश्व को पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने में मदद मिलेगी।।

### रीसाइक्लिंग को प्रोत्साहित करेंगे

हम पूरे देश में रीसाइक्लिंग कार्यक्रमों को बढ़ावा देंगे। हम सभी क्षेत्रों में रीसाइक्लिंग नियमों में एकरूपता के लिए रीसाइक्लिंग मैंडेट को व्यवस्थित करेंगे ताकि हम पुराने उत्पादों की रीसाइक्लिंग कर सकें।

### विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पर्यावरण का संरक्षण

हमने कई ऐसी योजनाएं क्रियान्वित की हैं, जिससे पर्यावरण की सुरक्षा होगी। जैसे पीएम सूर्य घर योजना, रेलवे का विद्युतीकरण, ई-बस, इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रसार, एथेनॉल और बॉयो फ्यूल का उपयोग इत्यादि। इन सब योजनाओं से हम नेट जीरो के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर तेजी से अग्रसर हैं तथा इन योजनाओं से हमारे नागरिकों के लिए स्वस्थ्य वातावरण सुनिश्चित होगा।



# NOTES

# NOTES



संकल्प पत्र डाउनलोड करने हेतु
Qr Code को स्कैन करें

# मोदी की गारंटी

2047 तक भारत को विकसित बनाएँगे

कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं